HIV/AIDS was first found in India among commercial sex workers of Chennai in 1986. The same year an American patient was diagnosed with the virus in CMC, Vellore. The story of HIV/AIDS in the country is the story of many pioneering protocols in testing, counselling, campaigns and government intiatives", writes Papri Sri Raman. HIV stands for human immunodeficiency virus, if left untreated, HIV can lead to the disease AIDS (acquired immunodeficiency Syndrone)

HIV attacks the body's immune system, specifically the CDH cells (T cells) which help immune system light off injections. AIDS is the stage of injection that occurs when your immune system is badly damaged and you become vulnerable to opportunistic infections. When the number of your CD4 cells falls below 200 cells per cubic millimeter of blood (200 cells/mn3). You are considered to have progressed to AIDS. (Normal Cd4 counts are between 500 and 1600 cells/mw/)

Same people may experience a flu like illness within 2-4 weeks after HIV infection. But some people may not feel sick during this stage Flu like symptoms can include:

- Fever
- chills
- Rashes
- Night Sweats
- Muscle Aches
- Sore Throat
- Fatigue
- Swollen Lymph Nodes
- Mouth Ulcers



PROGRESSION TO AIDS:

If you have HIV and you are not an ART, eventually the virus will weaken your body's immune system and you will progress to AIDS, the late stage of HIV infection symptoms can include.

- Rapid weight loss
- Recurring fever or profuse night sweats
- Extreme and unexplained tiredness
- Prolonged swelling of the lumbh glands in the armphits, grain or neck.
- Diarrohea that lasts for more then a week.
- Sores of the mouth, genitals
- Pneumonia
- Red, Brown, Pink or Purplish blotches on or under the skin or inside the mouth, nose or eyelids.
- Memory loss, depression and other neurologic disorders.

Always Be A Student

Sakshi Bhardwaj
B.Sc III
Roll No. 2827

Keep on learning, Though you graduations done; Your whole life's an education that has only just begun. Your diploma is the first big step. For knowledge is the special key to winning-what you want in life. And being who you want to be. If you'll always be a student you'll find the secrets to success. And travel on the golden road to peace and happiness.

Fun With A Wedding Card

Renu Duhan
B.Sc III
Roll No. 2212

Smt. & Sh. Sada Dosa
Request the honour of your presence
on the occasion of the marriage
of their loving son
MASALA DOSSA
WITH
PANI PURI
(D/o Smt. & Sh. Bhel Puri)
Gulab Jamun Hal!
Rasmalai Nagar
With Relatives and friends
Pizza, Chowmin
Burger, Hot Dog
Khoey Ki Barfi
Shahi Paneer
Gol Gappa

Teacher

Renu Duhan
B.Sc III
Roll No. 2212

T : Talents
: Techniques
: Trust
E : Educated
: Examine
: Enrich
A : Acceptance, Adjustability, Appreciation
C : Character, Capacity, Care
H : Head, Heart, Hand
E : Energetic, Enthusiastic, Encouraging
R : Responsible, Resourceful, Reliable

Parents

Parvesh Dulat
B.Sc (N.M)
Roll No. 2707

Parents are a special gift,
Given by God.
Parents are the only ones,
Who can make sacrifice.
Parents are our best friends,
We should be their pride.
And guide us to the right path.
If you want to pray,
Pray for your parents.
We can only progress
With the blessings of our parents

Laughter

Parvesh Dulat
B.Sc (N.M)
Roll No. 2707

1. A person (to another) - Are you fifty years old?
   Other-yes, how do you know that?
   First person-my brother is twenty five year old and he is half mad.
2. Man : If I cut across your fields, will I be able to catch the 6:30 bus?
   Farmer : If my bulls see you, you will be able to catch the 6:15 instead.
3. Mrs. Sharma : What a beautiful Sari! It must be very costly. Has your husband changed his job?
   Mrs. Malti : Oh, no! I have changed my husband.
4. Teacher : What do you know about the 18th century scientists?
   Parvesh : That they all are dead.
5. History Teacher : Parvesh, you tell me which important event took place in 1869.
   Parvesh : sir! Mahatma Gandhi was born in 1869.
   Teacher : well, now tell me what happened in 1872.
   Parvesh : sir, Gandhi Ji was three years old.

Maths

Parvesh Dulat
B.Sc (N.M)
Roll No. 2707

Oh! Maths! how tickling you are?
You have neither aim nor art.
After learning circles,
My brain does miracles,
Your formulas are so easy,
Yet they make so crazy.
Your variation and applications,
Stop my blood circulations,
Your equations and algebra.
Pushes me into a state of coma.
Oh! Math, you are indeed a brain-eating subject,
And will never leave any one's mind perfect.
You have neither charm nor grace,
You are a sure destroyer of mind's peace.
You have impeded mind's prosperity,
And looted its peace and annuity.

Poem

Diksha
B.A. I
Roll No. 186

It is no time to waste,
Use it according to your taste
If you sleep in the winter,
You will weep in summer
No body will feed your need,
Read, my dear read.
If you want to pass,
You must attend your class.
If you want to make your life,
Attend your class without strike
And always do good deeds,
Read, my dear read.
Don't be careless in class,
Without labour you can't pass

Modern Definitions

Parvesh Dulat
B.Sc (N.M)
Roll No. 2707

1.	Atom Bomb	:	An invention to end all inventions.
2.	Doctor	:	A person who kills your ills with pill and kills you by his bills.
3.	Dowry	:	The price of bridegroom
4.	College	:	A place where father pays and the child plays
5.	Father	:	A bank provided by nature
6.	Mother	:	A hostess brought by father
7.	Theatre	:	Students Temple
8.	Bride	:	An article of decoration in a marriage
9.	Platform	:	A place where luggage and money get lost
10.	Degrees	:	Just an addition in personality

Silence to Shot

Mrs. Manisha Narwal
Lect. in English

Silence is gold, but give it a shot.
it is the language, that now no one understands.
Which not a teacher can teach and world thinks you are immature.
Silence is a virtue of wise, that tortures you always inside.
Who remains in the background, like the skies that has no dialogue to express.
Silence is intense, when our brains are active.
Action always speaks louder than words.
Silence is fine, but one shot always coins the divine difference of life.

What is Life

Ruby
B.Sc I
Roll No. 2558

* A rich man burst into laughter and said, "Money is Life".
* A poor man trembling with cold said, "Life is Struggle".
* A lazy man dreaming in his sleep said, "Life is a bed of roses".
* A youngster enjoying his time in full measure said, "Life is Pleasure".
* A saint in his speech said, "Life is a way of Divine".
* A lover waiting anxiously for his beloved said, "Love is life".
* But I said, "Life is an unsolved mystery".

Teacher

Diksha
B.A. I
Roll No. 186

Teacher are the builders of nature helping the others to reach the destination. They are like the light house in dark ocean guiding unexperinced students in usteady emotion.
Present in every school and college. They are ones who spread the light of knowledge. They are spring of minds which are dry. They provide us with wings to fly.

These Three Year...

Shilpa
B.Sc III
Roll No. 2828

These three years will be remembered...
Because this time gave us the experience
The moments will stay golden ... In thoughts for a lifetime...
For the chums hair always together made us fly high...
These three years... the time incorrigible...
Even If we try to do so... will always stay impeccable...
A time that's simply the best... full of frolic leaving out all the rest...
A lot of new experience... moving out of the boundaries... that freaked us out... different at extreme...
Being in college we learn a lot...
To face the people...
To hold the smile...
That may be fake sometimes... untrue despise. Conditions do change too soon...
As we learn to move through...
These three years are ganna surely make us cry...
coz this unforgettable fun is soon gonna die. 2/3 done ... just a 1/3rd left... after that a new life... new goals might be set... these three years are gonna be missed... every time we'll be lonely... eyes might too get wet...

Never does the times stays...
Never does the people too...
Just hope when we get though...
Utopia doesn't get skewed...

Life in H.K.M.V... A Bliss

Girija Sharma
B.Sc-III
Roll No. 2829

I still remember the time when I first visited H.K.M.V. As any youngester would be... I was anxious to know where life would take me and then came the day when I took admission here... nobody knows what future holds for them... neither did I...

Admission in this college happened by chance and soon I started realizing that I was destined to be here...

There's one very famous phrase which I thoroughly believe in "whatever happend... happens for good"... which is perfectly applicable to my being in this college... I started believing in myself from being an introvert to a self-assured person all together... was the after effect of joining this college...

The first day in this college was a very special day for me where I met my friends and seniors for the first time... I was an absolute introvert and was too shy to talk to anyone... and that was where my friends and my seniors especially helped me out... they made me a totally different person...

Apart from giving me the knowledge required for sustaining myself in the ever growing rat race in the outside world it also taught me how to fight back against all adds... At this moment when I try n think about all the good things that have happened to me till now... joining H.K.M.V is certainly one of them.

Signs of Good Omen

Nidhi Ahlawat
B.Sc. - I
Roll No. 2602

1. A pitcher full of water :- If a water carrier is spotted and she has a pitcher full of water. Then it is deemed a good omen.
2. Gau Darshan :- If a cow is spotted in the morning, then it deemed a good omen.
3. Curd or Silver Coin : If any one of these is spotted, then this is a sign of good omen.
4. Deer Spotting :- If a deer comes from left to right of the person while he is going on a foreign tour, then it is good for that person.
5. Scratching on the palm :- If there is irritation / scratching on the left palm of the woman or the right palm of the man, then it is sign of possibility of receiving money.
6. Pulsation of an Eye :- If the right eye of the male or the left eye of the female is pulsating, then it is deemed a good omen.
7. Bending of the Chapati :- It is also a premonition of the arrival of guest.
8. Bathing of sparrow in sand :- This indicates that rains are about to arrive in the area.
9. A Sleeper / Shoe on another : - This indicates that the owner of those sleepers/shoes may have to undertake a long journey.
10. Scratching of foot :- It also indicates that the concerned person may have to travel.

ज्ञानेन अलंक्रियते बुद्धिः

हिन्दू कन्या महाविद्यालय

जीन्द

ज्ञान स्तंभ

2015-16

हिन्दी विभाग

या कुन्देन्दु तुषार हार धवला या शुभ्रवस्त्रावृता ।
या वीणावरदंड मंडितकरा या श्वेतपद्मासना ॥

सम्पादिका
डॉ॰ पूनम मोर

छात्रा सम्पादिका
सोनिया
तृतीय वर्ष

अनुक्रमणिका

क्रं०	विषय	नाम	पृष्ट संख्या
1.	सम्पादकीय	डॉ0 पूनम मोर	30
2.	मूल्य आधरित शिक्षा	डॉ0 पूनम मोर	31
3.	भारतीय संगीत द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में बढ़ती संभावनाएं	डॉ0 क्यूटी	32
4.	बुआ को समर्पित	पूनम मित्तल	33
5.	माँ	नीरम	33
6.	क्या आप जानते हैं?	रीतू वशिष्ठ	33
7.	Saugit U/s Wakt	प्रवीम	34
8.	शायरी	प्रवीम	34
9.	इंसान	सुदेश	34
10.	शायरी	प्रियंका जैन	35
11.	अजन्मी बेटी का अपनो के नाम पैगाम	अनुराधा गौतम	35
12.	ढूँढते रह जाएँगे	सुनीता	35
13.	बोध कथा	निशा	36
14.	मेरा कॉलेज	प्रवेश ढुल्ट	37
15.	गौ माता की कहानी	सुनीता	37
16.	अनमोल वचन	प्रवेश ढुल	38
17.	एक दिन दरवाजा खोलेगी बेटी	निशा	38
18.	वक्त	सुनीता	39
19.	हास्य शायरी	सुमित यादव	39
20.	विरोधाभासी तथ्य	ननीषा	39
21.	राजनेताओं की कहानी	पूजा	40
22.	याद रखने योग्य बातें	सोनिया रुहिल	41
23.	जीवन के पाँच नकारात्मक तथ्य	उपासना	41
24.	माँ	सोनिया रूहिल	42
25.	हिन्दी	मनीषा	42
26.	बेटियाँ	सुनीता	42
27.	साथ सब ना चल सकेंगे	शिल्पा	43
28.	गज़ल	सोनिया रूहिल	43
29.	सवाल	सोनिया रुहिल	43
30.	गणितीय विवाह	अन्नू	44
31.	स्वागत करने के तरीके	रीतू वशिष्ठ	44

क्रं०	विषय	नाम	पृष्ट संख्या
32.	घरेलू स्वास्थ्यवर्धक नुस्खे	उपासना	45
33.	तथ्य	दीक्षा	45
34.	पहेलियाँ	प्रियंका	45
35.	तथ्य	एकता	46
36.	Student का महत्त्व	अनिशा	46
37.	हरियाणवी स्पीकिंग कोर्स	मनीषा	47
38.	पति का सुपर रिप्लाई	मनीषा	47
39.	कटु सत्य	मनीषा	48
40.	गौमाता की पुकार	दीक्षा	48
41.	वतन का सौदा	कविता चहल	48
42.	भारत के बारे में सामान्य जानकारी	निशा लाठर	49
43.	मीठी बोली	सोनिया	49
44.	पहेलियाँ	प्रियंका मेहरा	50
45.	जीवन मंत्र	निशा लाठर	50
46.	ज्ञान गंगा	रेनू दूहन	50
47.	कॉलेज की यादें	अन्नू	51
48.	आज के विद्यार्थी	सुमित यादव	51
49.	जीवन	सुमित यादव	51
50.	माँ	सुमित यादव	52
51.	सुखी जीवन जीने के टिप्स	सुमित यादव	52
52.	इंसान बनाने का काढ़ा	रेनू दूहन	53
53.	18 भाषाओं में नया साल मुबारक	रेनू दूहन	53
54.	जीवन के शाश्वत सत्य	अनिशा	54
55.	हँसगुल्ले	जयन्ती	54
56.	बेटी... बोझ नहीं है!!!	शिल्पा	54
57.	नयी सदी	सोनिया	55
58.	अभिलाषा	सोनिया	55
59.	अनमोल रत्न (माता–पिता)	जयन्ती जागलान	56
60.	शायरी	जयन्ती जागलान	56
61.	स्मरणीय बातें	दिव्या दलाल	57
62.	बापू तेरे देश में	प्रीति	57
63.	शायरी	अंजलि सिहाग	58
64.	गुदगुदी	निशा लाठर	58

क्रं०	विषय	नाम	पृष्ट संख्या
65.	अनमोल वचन	बाली	59
66.	धन से	बाली	59
67.	महंगाई	कविता चहल	59
68.	चुटकुले	प्रमिला आर्य	59
69.	भविष्य	पिंकी	60
70.	माँ–बेटी	मोनिका	61
71.	माँ को समर्पित एक कविता	प्रियंका जैन	61
72.	गजल – आँसुओं की दुकान	प्रमिला आर्य	62
73.	प्राणवान पंक्तियाँ	अंजलि सिहाग	62
74.	इंसानियत का रूप	प्रमिला आर्य	62
75.	सुख	राजबाला शर्मा	63
76.	शायरी	प्रमिला आर्य	64
77.	कम नहीं होती...	ज्योति रेढू	64
78.	ईश्वर की माया	दिव्या दलाल	65
79.	बेटियाँ	गायत्री	65
80.	शायरी	प्रियंका जैन	66
81.	साथी	सुमन रेढू	66
82.	कीमत	सुमन रेढू	66
83.	शायरी	किरण खटकड	67
84.	गाँव और शहर		68
85.	महंगाई	मोनिका महरोलिया	68
86.	सच्ची बात	पिंकी	69
87.	आखिर क्यों?	मोनिका यादव	69
88.	10 महत्त्वपूर्ण बिन्दू	रिंवूफ चहल	70
89.	बेटी की रक्षा	मौसम	70
90	मैं भी कुछ बनना चाहती हूँ	अनिशा	70
91.	मैं गया सुसरैड	मोनिका महरोलिया	71
92.	कुछ बातें	दिव्या दलाल	71
93.	शायरी	ललिता नैहरा	72
94.	आज का संदेश	सोनिया	72
95.	तथ्य	मीना	73
96	चुटकुले	एकता मलिक	73

सम्पादकीय...

डॉ॰ पूनम मोर
(असिस्टेंट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग)

सुसंस्कृत मानव निश्चय ही श्रेष्ठ समाज के निर्माण में सहायक सिद्ध होते हैं। यह सत्य है कि उत्कृष्ट जीवन मूल्यों का निर्वहन व्यक्ति विशेष को श्रेष्ठता के उस सोपान पर ले जाता है जहाँ वह सामान्य से विशिष्ट बन जाता है, लेकिन विडम्बना यह है कि आज का मानव हमारे महान सांस्कृतिक मूल्यों को विस्मृत कर अज्ञानता रूपी अंधेरी कन्दराओं में भटक रहा है। ऐसी स्थिति में इस बात की महती आवश्यकता है कि हम अपनी वास्तविक स्थिति का विश्लेषण करें व अपनी क्षमताओं एव सामर्थ्य को पहचान कर राष्ट्र हित में अग्रसर हों। यह नितान्त सत्य है कि राष्ट्र को उच्चता के शिखर पर ले जाने का लक्ष्य आज की युवा शक्ति के बल पर ही सम्भव हो सकता है। उत्साह, उमंग, जोश एवं शक्ति से भरपूर युवा निश्चय ही राष्ट्र के निर्माता है, परन्तु यह अत्यन्त चिन्तनीय है कि आज का युवा पाश्चात्य संस्कृति के अन्धानुकण में ही जीवन का आनन्द खोज रहा है। युवाओं को अपने सामर्थ्य को पहचानना होगा, दिशा निर्धारण करना होगा, विवेकवान बनना होगा। ऐसा केवल शिक्षित होने से ही सम्भव हो सकता है, क्योंकि शिक्षा हमारा मानसिक परिष्कार कर हमें अपने वातावरण के प्रति संवेदनशील भी बनाती है। इस सम्बन्ध में स्वामी विवेकानन्द के विचार उल्लेखनीय हैं –''शिक्षा केवल कोरा शैक्षिक ज्ञान ही नही, अपितु अच्छा आचरण, अच्छाई का पक्ष लेने तथा बुराई से लड़ने की दृढ़ता, स्वतन्त्र विचार, निष्पक्ष निर्णय लेने की क्षमता भी विकसित करती है।

आशा है कि आपके ज्ञान–वर्द्धन एवं मनोरंजन हेतु इस पत्रिका में संकलित रचनाएँ आपको रूचिकर प्रतीत होंगी। इसी विश्वास के साथ प्राध्यापिकाओं एवं छात्राओं की अनेक सुन्दर रचनाओं को समाहित किए हुए यह अंक आपके समक्ष प्रस्तुत है।

शुभकामनाओं सहित !

मूल्य आधारित शिक्षा

डॉ॰ पूनम मोर
(असिस्टेंट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग)

विश्व की प्राचीनतम व महानतम भारतीय संस्कृति का मूलाधार प्रेम, दया, करूणा, सहानुभूति, परोपकार आदि नैतिक मूल्य ही है, लेकिन यह अत्यन्त खेद का विषय है कि आज पाश्चात्य संस्कृति के प्रभावस्वरूप हम अपने सांस्कृतिक मूल्यों की अनदेखी कर प्रतिस्पर्धा की अन्धी दौड़ में शामिल हैं। किसी ने अत्यन्त उचित कहा है कि यदि धन गया, तो कुछ नहीं गया। यदि स्वास्थ्य गया, तो समझो कुछ खो गया और यदि चरित्र चला गया, तो सब कुछ चला गया। इस तथ्य को आज के भारतीय समाज के सन्दर्भ में देखने-समझने की अवश्यकता है। नैतिक मूल्यों की पतनावस्था निश्चित ही समाज व राष्ट्र को अवनति की ओर ले जा रही है। आज निश्चय ही मूल्य आधारित शिक्षा की महती आवश्यकता है जो विद्यार्थियों में हमारे प्राचीन सांस्कृति मूल्यों को स्थापित कर उनके व्यक्तित्व को निखार सके। आधुनिक युग में हम अपने चतुर्दिक परिवेश में बड़ी सहजता से देख सकते हैं कि आज के बालक दिशाहीन होते जा रहे हैं। इस दिशाहीनता को रोकने में परिवार, समाज व विद्यालयों शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। भारत के सन्दर्भ में देखें, तो हम पाएँगे कि सरकार द्वारा संचालित विद्यालयों का स्तर प्राय: निम्न पाया जाता है। आज इस बात की महता आवश्यकता है कि हम अपनी शिक्षा प्रणाली में सुधार करें। शिक्षा का मूल भूत ढाँचा निर्मित करते समय उसमें नैतिक मूल्यों का समावेश कर विद्यार्थियों को भावनात्मक व बौद्धिक रूप से सामर्थ्यवान बनाएँ। निश्चित रूप से आज की पीढ़ी अपनी पिछली पीढ़ी से अधिक जागरूक है, परन्तु यह भी सत्य है कि वे अपने जीवन में आने वाले तनावों का सामना करने में उतने समर्थ प्रतीत नहीं होते। यह भी सत्य है कि एक बच्चे के बालपन में उसके व्यक्तित्व में जो नैतिक मूल्य विकसित किए जाते हैं, वे उसके व्यक्तित्व का एक अभिन्न अंग बन जाते है। निश्चित रूप से एक बालक की पहली शिक्षिका उसकी माँ ही होती है, लेकिन आज के सन्दर्भ में देखें, जहाँ महिलाएँ कामकाजी हैं, बालक को 3 या 4 साल की उम्र में ही स्कूल में दाखिल करवा दिया जाता है। ऐसी स्थिति में एक शिक्षिका को माँ का रोल भी निभाना पड़ता है। इसके साथ-साथ विद्यालयी परिवेश का भी नैतिक मूल्यों के प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। विद्यालय के प्रार्थना समय के बेहतर उपयोग से नैतिक मूल्यों को प्रसारित किया जाना चाहिए। आध्यात्मिकता, देशभक्ति, मानवतावाद, योग, ध्यान आदि भाव चरित्र-निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। विद्यालयी और महाविद्यालयी स्तर पर एन.सी.सी., एन.एस.एस. जैसी शाखाओं में भागीदारी से बालकों में सहयोग, अनुशासन व जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है। मूल्य आधारित शिक्षा का प्रारम्भ स्कूल स्तर से प्रारम्भ करके कॉलेज व विश्वविद्यालय प्रत्येक स्तर पर अनिवार्य है। हमें सदैव स्मरण रखना चाहिए कि श्रेष्ठ नागरिक ही श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं और मूल्य आधारित शिक्षा किसी भी राष्ट्र की चौतरफा प्रगति की ओर पहला कदम है।

भारतीय संगीत द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में बढ़ती संभावनाएं

डॉ० क्यूटी
असिस्टेंट प्रोफेसर
संगीत विभाग

आधुनिक समय में चिकित्सा क्षेत्र में दवाइयाँ, भले ही वह अंग्रेजी हों या देशी, का प्रयोग कम से कम किया जाने का प्रयास जारी है। प्राकृतिक चिकित्साओं, आयुर्वेदिक दवाओं को प्रयोग में लाने की ओर चिकित्सक भी अग्रसर हो रहे हैं। अब ऐसे में यदि प्राचीन समय की चिकित्सा पद्धतियों की ओर यदि नजर डाली जाए, तो मंत्र साधना, योगसाधना, नाद साधना अथवा संगीत साधना का ही रूप है। वैसे भी संगीत से अधिक प्राकृतिक, स्पष्ट, शुद्ध एवं ईश्वरीय और क्या होगा?

सृष्टि में आत्म चिंतन एवं विवेचन और भावों की सहज अभिव्यक्ति का सरल साधन संगीत से श्रेष्ठ और क्या हो सकता है। संगीत मानव हृदय में तरंगति होने वाले भावों से ही उत्पन्न होकर पुन: मानव मस्तिष्क को संतुष्ट करता है। निश्चित रूप से ही संगीत मानव वृत्तियों व शक्तियों को प्रभावित करता है। इन्हीं क्षमताओं को मद्दे नजर रखते हुए अर्वाचीन काल में योगियों तथा ज्ञानियों ने संगीत को ध्यान योग व साधना क्षेत्र में स्थान दिया। लौकिक से पारलौकिक तन्मयता की स्थिति तक पहुँचाने में सक्षम संगीत का प्रयोग तत्पश्चात औषधात्मक रूप से होने लगा। संगीत द्वारा मानसिक रोगों का उपचार संभव होने लगा। मनोवैज्ञानिकों ने तो मन को हमारे व्यवहार के 80% भाग को प्रभावित करने वाली अवचेतन परत कहा है। साथ ही हमारे सकारात्मक व नकारात्मक विचारों को नियंत्रित भी इसी के द्वारा ही किया जाता है। मानव मन के भाव शुद्ध होगें, तभी मन शुद्ध होगा और भाव शुद्धि में सबसे सहायक तत्व संगीत है जो मानव मन पर उसके अनुकूल प्रभाव डालता है और मानव को आनंदानुभूति होती है। इसी आधार पर संगीत को आरामदेही चिकित्सा (Relaxation Therapy) का नाम भी दिया गया है। व्यक्ति जब मानसिक रूप से स्वस्थ है तो वह शारीरिक रुप से स्वत: ही स्वस्थ होने लगता है। संगीत द्वारा शारीरिक व मानसिक संतुलन स्थापित करने की प्रक्रिया ही नाद चिकित्सा या संगीत चिकित्सा कहलाती है।

भारतीय चिकित्सा की यह पद्धिति विदेशों में इतनी सार्थक बन पड़ी है। अमेरिका में BSMT (British Society For Music Therapy) AAMT (America Association of Music Therepy) नाम से ऐसी कई संस्थाएं है जो संगीत द्वारा रोगियों का उपचार करती है। उनका मानना यह है कि दवाओं की अपेक्षा ध्वनि तरंगें अपना प्रभाव प्रत्यक्ष रूप से शीघ्रता से छोड़ती हैं। इनका कोई प्रतिकूल प्रभाव भी नहीं रहता।

ध्वनि का विशेष संघात रासायनिक परिवर्तन पैदा करता है। अमेरिका विश्वविद्यालय में एक अध्ययन के अंतर्गत संगीत की मधुर लहरियों में मूड को बनाने वाले सभी रासायन जैसे- नोरजीनक्रीम, एमिनक्रीन और सेलटोनिन रक्त में सक्रिय हो जाते है और मन प्रभावित होने लगता है। जिसके द्वारा विषाद, अवसाद, थकान, चिंता, बाध्यता, मनोग्रस्तता तथा रक्तचाप आदि का उपचार संभव हो सका है। अलग-अलग स्वर लहरियां तथा भारतीय संगीत के रागों द्वारा भिन्न-2 रोगों से पीड़ितों की चिकित्सा की जाती है। रोगी मनुष्य दो प्रकार से प्रभावित होता है-

1) अधिक शोर तथा तीव्र गति वाला संगीत रक्तचाप, धड़कन कथा रक्त शर्करा आदि को और बढ़ाता है।

2) इसके विपरीत कोमल स्वरो, धीमी व मध्य गति का संगीत रोगी को तनाव से मुक्त कराता है।

वास्तव मे संगीत चिकित्सा मानव शरीर व आत्मा से संबंधित है। आत्मा अजर, अमर व शाश्वत है। यह किसी भी प्रकार के रोगों से ग्रस्त नहीं होती, लेकिन मानव शरीर रोगों से जकड़ा जाता है। इसे नादतत्व के उचित प्रयोग से ही ठीक किया जा सकता है जो कि स्पष्ट रूप से स्वर, लय और ताल पर आधारित है। मानव शरीर पंच तत्वों से निर्मित है। उन पंच तत्वों में संतुलन बनाए रखने के लिए स्वर व लय का जोड़ ही सटीक प्रतीत होता है और चमत्कार उत्पन्न करता है। ऊपरलिखित तथ्यों से यह स्पष्ट हो जाता है कि संगीत अथवा नाद रूप चिकित्सा मानव शरीर में मौजूद तत्वों तथा घटकों को उचित नियंत्रण में रखते हुए इनमे संतुलन बनाए रखती है। फलस्वरूप मानव मानसिक व शरीरिक व्याधियों से अपने आप को बचा सकता है। वर्तमान भौतिक परिप्रेक्ष्य में जहाँ समस्त वातावरण तनावग्रस्त है उस को परिवर्तित करने में संगीत की यह प्रभावशाली लहरें इतनी क्षमता रखती हैं कि कैसे स्वयं को उस माहौल से बचाएँ और उसका कोई प्रभाव आप पर न पड़े।

बुआ को समर्पित

पूनम मित्तल
होम साईंस विभाग

बुआ-बुआ होती है चाहे सगी या चचेरी-ममेरी हो।
पापा की बहन होती है बुआ।
दादी की बेटी होती है बुआ।
दादा की लाडली होती है बुआ।
हमारी बैस्ट फ्रैंड होती है बुआ।
घर की रौनक होती है बुआ।
पापा का मान होती है बुआ।
त्योहारों की रौनक होती है बुआ।
बर्थडे पार्टी की शान होती है बुआ।
माँ का अभिमान होती है बुआ।
हमारी ढ़ाल होती है बुआ।
खुशियों का थाल होती है बुआ
कलाई का धागा होती है बुआ।
रस गुल्ला लाती है बुआ।
राखी का त्योहार होती है बुआ।।
भाई दूज का त्योहार होती है बुआ।
वीकेशन का फन होती है बुआ।
जिनकी बड़ी बहन नही होती।
उनका होने का एहसास होती है बुआ।
इसलिए सबका प्यार होती है बुआ।

माँ

नीरम
बी.ए. प्रथम वर्ष
रोल नं0 123

दो शब्दों का लफ्ज है माँ,
निभाने वालों के लिए सबसे बड़ा फर्ज है माँ।
समझदार के लिए समझ है माँ,
मकसद हीन के लिए जीने का मकसद है माँ।
दुख को सुख में बदलने वाली दुआ है माँ,
इस दुनिया को बदलने वाली बेहतरीन फिज़ा है माँ।
गर्मी में सुकून देने वाली हवा है माँ,
पतझड़ में मिलने वाली बहार है माँ।
सितारों की तरह रोशन होती है माँ,
धरती पर जन्नत का मजा है माँ।
नासमझों के लिए कुछ भी नहीं है माँ,
लेकिन समझने वालों के लिए भगवान है माँ।
हर वक्त के साथ प्यार देने वाली है माँ,
हर जिंदगी की तरह बेमोल है माँ।
आँख में खुशी की वजह है माँ,
दुख में भी हँसाने की वजह है माँ।
अहसान चुकाना बड़ा मुश्किल है माँ,
आप साथ दो तो ये भी आसान है माँ।

क्या आप जानते हैं?

रीतू वशिष्ठ
बी०एस०सी०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-2738

1. यदि मेंढक का मुँह लगातार खुला रह जाए, तो वह मर जाएगा।
2. हवाई दीप नामक देश में एक भी सर्प नहीं है।
3. फ्रांस में मच्छर नहीं होते।
4. भालू और ऊँट चलते समय दोनों पैर एक साथ उठाते हैं।
5. कुत्ते के पूरे शरीर में केवल नाक पर पसीना आता है।
6. हरीयल पक्षी कभी जमीन पर पैर नहीं रखता।
7. सर्वप्रथम कागज का नोट-स्टॉक होम वेक्रेवे 1661 में छपा।
8. अंतरिक्ष में एक घंटे भ्रमण करने का व्यय 3 लाख डॉलर है।
9. स्पेन एक ऐसा देश है जहाँ कपड़े का अखबार निकलता है।
10. तिब्बत की उरुत्सो झील प्रत्येक 12 वर्ष बाद मीठे व खारे पानी में बदलती है।

Saugit U/s Wakt

प्रवीम
संगीत विभाग तबला वादक

मेरे देश का संगीत, ना जाने कहाँ खो गया
हमारे पूर्वजों का गौरव, आज मिट्टी में खो गया।

मैंने जब वक्त से कहा, तू कुछ पल के लिए थम जा
ये सुनकर वक्त भी, मेरी राह में खड़ा हो गया।

वक्त को ना रूकता देख, म्यूजिक भी Western हो गया
मेरे देश का संगीत, ना जाने कहाँ खो गया।

जख्मी भारतीय संगीत, एक बार फिर से खड़ा हो गया
विश्व भर में रंग बिखराने से, तिरंगे का सिर ऊँचा हो गया।

मेरे देश का मधुर संगीत कहीं बिकता नहीं,
इस बात पर मेरा वक्त से झगड़ा हो गया।

आज भी छुपा है इसमें वो तेज़
जिसे सुनकर मेरा देश जगमग हो गया।

मेरा मन भी इसे सुनकर मदमस्त हो गया
मेरे देश का संगीत, ना जाने कहाँ खो गया।

शायरी

वक्त बदल जाता है,
तो बसन्त में भी पतझड़ नज़र आता है।
दोस्त बिछुड़ जाते हैं,
तो सूरज की रोशनी में भी अन्धेरा नज़र आता है।

दोस्ती गज़ल है,
गुनगुनाने के लिए।
दोस्ती नगमा है,
सुनाने के लिए।
ये वो जज़्बा है,
जो हर एक को मिलता नहीं।
क्योंकि हौंसला चाहिए,
उसे निभाने के लिए।

इंसान

सुदेश
बी०एस०सी०-प्रथम वर्ष
अनुक्रमांक नं० : 2632

एक था भगवान। ...

एक था शैतान। ...

दोनों में जब झगड़ा हुआ, तो बहुत हुआ नुकसान।

दोनों ने मिलकर समस्या का निकाला एक समाधान।

एक खिलौना बनाया और उसका नाम रखा इंसान।

शैतान ने अपनी ताकत दी।...

क्रोध, घमंड और जलन।...

भगवान ने अपने अंश दिए...

प्यार, दया और सम्मान।

भगवान से मुस्कराकर बोला फिर शैतान...

न तेरा नुकसान...

न मेरा नुकसान ...

तू जीते या मैं जीतूं,

हारेगा इंसान।

और इसलिए कहते हैं

कोई टूटे, तो उसे सजाना सीखो।

कोई रूठे, तो उसे मनाना सीखो,

रिश्ते तो मिलते हैं मुकद्दर से।

बस उनको खूबसूरती से मनाना सीखो।

शायरी

प्रियंका जैन
बी०ए० द्वितीय वर्ष
रोल नं. 1124

इतनी सी बात हवाओं को बताएं रखना,
रोशनी होगी चिरागों को जलाए रखना।
लहू देकर की है जिसकी हिफाजत हमने,
ऐसे तिरंगे को हमेशा अपने दिल में बसाए रखना।

हर शाम किसी के लिए सुहानी नहीं होती,
चाहत के पीछे कोई कहानी नहीं होती।
कुछ तो असर होता है दो दिलों के मेल का
वरना गोरी राधा साँवले श्याम की दीवानी नहीं होती।

ये दुनिया है तेज धूप, पर वो तो बस छाँव होती है,
स्नेह से सजी ममता से भरी, माँ तो बस माँ होती है।

अभी तो चिंगारी उठी है,
अंगार बनना बाकी है।
वतन को जला रहे हैं जो,
जलनी मशाल बाकी है,
जला दे उन्हें,
उठनी वो आग बाकी है।

मैंने खुदा से एक दुआ माँगी,
दुआ मैं अपनी, मौत माँगी,
खुदा ने कहा मौत तो तुझे दे दूँ,
पर उसका क्या जिसने, हर दुआ में
तेरी जिंदगी माँगी।

छोटी सी जिंदगी, हर बात मे खुश रहो
जो चेहनें पास न हो, उसकी आवाज में खुश रहो,
कोई रोता हो तुमसे, उसके इस अंदाज मे खुश रहो
जो लौट के नहीं आने वाले, उन लम्हों की याद में खुश रहो...
कल किसने देखा है, अपने आज मे खुश रहो...
खुशियों का अंतजार किसलिए, दूसरों की मुस्कान मे खुश रहो...
क्यो तड़पते हो हर पल, किसी के साथ के लिए,
कभी तो अपने आप मे खुश रहो...
छोटी-सी जिंदगी है हर बात मे खुश रहो।

अजन्मी बेटी का अपनो के नाम पैगाम

अनुराधा गौतम
बी०ए०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1191

नन्ही-सी, प्यारी-सी एक जान थी,
अपने-परायों से अनजान थी,
जन्म अभी मेरा होना था,
बसेरा मेरी माँ के अंग का एक कोना था
खुशियों की लहर छाई थी घर में
प्यार उमड़ रहा था मम्मी-पापा के दिल में,
दादा-दादी फूले नहीं समा रहे थे,
गीत खुशी के सभी गा रहे थे,
आखिर एक दिन ऐसा भी आया
डॉक्टर ने जब यह समाचार सुनाया,
यह तो लड़की है, यह तो लड़की है।।
आसमान टूट पड़ा, बिजली कड़क उठी
धरती जैसे फट गई
खुशियाँ दो जालिम हाथों के नीचे दब कर रह गई।
मां-बाप की बेरहमी-समाज के दस्तूर ने
मुझे मार डाला, मुझे मार डाला
भला क्या था मेरा कसूर?
भला क्या था मेरा कसूर?

ढूँढते रह जाएँगे

सुनीता
बी०ए०-तृतीय वर्ष
अनुक्रमांक-2175

21वीं सदी में हम कुछ चीज़ों को ढूँढते रह जाएँगे
आँखों में पानी, दादी की कहानी,
नल में जल, प्यार के दो पल,
तराजू में बट्टा, लड़कियों का दुपट्टा,
परोपकारी बंदे, अर्थी को कंधे,
ऐसे बाप जो समझाए, ऐसा बेटा जो समझ जाए,
संस्कृति का सम्मान और दिलों में ममता का स्थान,
ढूँढते रह जाएंगे।

बोध कथा

निशा
बी०ए० द्वितीय वर्ष
रोल नं. 1120

एक राजा था, जिसका नाम राजा वीर विक्रमजीत था। एक दिन राजा के मन मे आया कि मै किन कारणों से राजा बना हूँ। राजा अपने वजीर से पूछते हैं कि मै किन कारणों से राजा बना हूँ। राजा ने वजीर से कहा कि अगर तुमने कल सुबह तक मेरे प्रश्न का उत्तर नहीं दिया, तो मैं तुम्हारे पूरे परिवार को मौत की सजा दे दूँगा। वजीर परेशान हो जाता है क्योंकि उसे नहीं पता होता कि राजा विक्रमजीत किन कारणों से राजा बना है। वजीर अपने घर चला जाता है। वजीर की लड़की खाना लेकर आती है। वजीर खाना नहीं खाता। लड़की अपने पिता को परेशान देखती है और परेशानी का कारण पूछती है। वजीर अपनी बेटी को बता देता है कि राजा ने उससे पूछा है कि मैं किन कारणों से राजा बना हूँ। मुझे इस प्रश्न का उत्तर नहीं पता। इसलिए राजा कल सुबह पूरे परिवार को मौत की सजा दे देगा। लड़की अपने पिता की पूरी बात सुनती है और कहती है कि पिता जी आप भोजन कर लो। अगर सुबह राजा आपसे पूछे, तो कह देना कि इस प्रश्न का उत्तर तो मेरी बेटी भी दे सकती है। सुबह वजीर राजा के पास जाता है, तो राजा वजीर से अपने प्रश्न का उत्तर पूछता है। वजीर वैसा ही कहता है जैसा उसकी लड़की ने उससे कहने के लिए कहा था। राजा ने वजीर की लड़की को दरबार में बुलाया। लड़की दरबार में आ जाती है। राजा उसे बैठने के लिए कहता है और वह बैठ जाती है। राजा लड़की से पूछता है कि बताओ मैं किन कारणों से राजा बना। लड़की कहती है कि महाराज अगर आप दरबार में आते ही मुझसे ये प्रश्न पूछते, तो मैं इसका उत्तर आपको बता देती, मगर अब नहीं बता सकती। अब आपको राज्य से दो मील की दूरी पर एक व्यक्ति मिलेगा, जो खाख (राख) को पानी में घोल कर पी रहा होगा। वो आपके प्रश्न का उत्तर देगा। राजा को प्रश्न का उत्तर चाहिए था। इसलिए राजा उस व्यक्ति के पास चला गया। व्यक्ति राजा को देखते ही कहता है आ भाई राजा वीर विक्रमजीत और पूछता है कि कुछ काम आए हो क्या? राजा शुरू में तो मना कर देता है। फिर थोड़ी देर बाद राजा अपने प्रश्न का उत्तर पूछता है। व्यक्ति राजा से कहता है कि अगर आप आते ही मुझसे अपना प्रश्न पूछते, तो मैं उसका उत्तर बता देता। लेकिन अब आपको यहाँ से दो मील की दूरी पर एक और व्यक्ति मिलेगा, जो धूने में से आग निकालकर खा रहा होगा, वो आपके प्रश्न का उत्तर देगा। राजा अपने प्रश्न का उत्तर जानने के लिए दूसरे व्यक्ति के पास चला जाता है। पहले व्यक्ति की तरह, दूसरे व्यक्ति ने भी राजा का स्वागत किया और पूछा कि कुछ काम आए थे। राजा शुरू में तो मना कर देता है लेकिन बाद में अपने प्रश्न का उत्तर पूछता है। दूसरा व्यक्ति भी मना कर देता है और कहता है कि अगर आते ही प्रश्न पूछते, तो मै इसका उत्तर देता। मगर अब आपको यहाँ से दो मील की दूरी पर एक गाँव मिलेगा। वहाँ पर एक ब्राह्मण परिवार में एक लड़का पैदा होगा, जो जन्म लेते ही मर जाएगा। आप वहाँ चले जाओ, वो बच्चा आपके प्रश्न का उत्तर देगा। दूसरा व्यक्ति कहता है कि आप उससे पहले ही अपने प्रश्न का उत्तर पूछ लेना, क्योंकि वो कुछ समय ही जीवित रहेगा और उसके बाद वह मृत्यु को प्राप्त हो जाएगा। राजा उस नगर में चला जाता है जहाँ बच्चा तभी पैदा हुआ था। राजा बच्चे को अपने पास मँगवा लेता है और उससे अपने प्रश्न का उत्तर पूछता है। तब बच्चा बताता है कि हम चार भाई थे और हम काशी से शिक्षा प्राप्त करके घर लौट रहे थे। आते-आते रास्ते में रात हो गई और सुबह से पैदल चल कर आ रहे थे । इसलिए थक भी गए थे और भूख भी जोर से लगी हुई थी। तभी एक लड़की पास के गाँव से काम करके लौट रही थी। उसके पास कुछ रोटी थी। हमने उस लड़की से रोटी माँगी। उसने रोटी देने से मना कर दिया और लड़की ने कहा कि मैं तुम्हारे लिए गाँव से चून ले आती हूँ तुम अपनी रोटी बनाकर खा लेना। लड़की चून ले आती है और उन्हें देकर चली जाती है। फिर हम चारों भाइयों ने रोटी बनाई और आपस में बाँटकर खाने ही वाले थे कि तभी एक भूखा व्यक्ति वहाँ पर आ गया और हमसे रोटी माँगी। आप चारों भाइयों में बड़े थे। इसलिए आपने कहा कि हम अपनी-अपनी रोटियों में से

दो-दो इसे भी दे देते हैं। तीनों भाइयों ने रोटी देने से मना कर दिया। मैंने कहा था कि मैं के मरूँ, इसलिए मैं बार-बार जन्म लेता हूँ और मर जाता हूँ। मुझसे बड़े ने कहा था कि मैं के आग खाऊँ, वो आग ही खा रहा है। और तीसरे ने कहा था कि मैं के खाख (राख) खाऊँ, वो राख ही खा रहा है। हम तीनों भाइयों ने रोटी देने से मना कर दिया था, जिसके कारण हम तीनों ने जैसा किया, वैसा ही भोग रहे हैं लेकिन तुमने अपनी चारों रोटी उस भूखे व्यक्ति को दे दी। और उस रात आप भूखे ही सो गए थे जिसके कारण आप इस जन्म में राजा वीर विक्रमजीत बने हो और जिस लड़की ने हमें आटा लाकर दिया था वो वजीर के घर में पैदा हो गई। इतना कहकर वो लड़का मृत्यु को प्राप्त हो जाता है और अंत में राजा को अपने प्रश्न का उत्तर मिल जाता है।

शिक्षा- जो जैसा कर्म करता है, उसे वैसा ही फल मिलता है।

मेरा कॉलेज

प्रवेश ढुल
बी०एस०सी०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-2707

हिन्दू कॉलेज मेरा, है यह ज्ञान की खान,
चमक रहा चारों ओर, बन कर विद्या की आन।

हर क्षेत्र में बनाया है इसने स्थान,
इसलिए है इसकी अनोखी शान।
हमारे कॉलेज ने पाए हैं कई पुरस्कार,
जो हैं इसकी मेहनत के उपहार।

हमारा कॉलेज बन गया है, एक सुन्दर बगीचा,
जिसे प्रिंसीपल महोदया, प्राध्यापक-गण और
विद्यार्थियों ने है सींचा।

हमारा कॉलेज देता है जरूरतमंदों को सहारा,
चमका देता है उनकी किस्मत का सितारा।
हर मुश्किल काम के लिए है तैयार,
तभी तो होती है इसकी जय जयकार।

हमारा कॉलेज सबसे न्यारा, लगता है सबको प्यारा,
दिखाएँगे दुनिया को कितना है अच्छा कॉलेज हमारा।

यहाँ के टीचर करते हैं बच्चों से प्यार,
तभी यहाँ विद्यार्थी पढ़ते ढ़ाई हज़ार
है 'प्रवेश' की प्रार्थना, कॉलेज की होती रहे सराहना,
हमें कॉलेज में रहकर कुछ बनकर है दिखलाना।

गौ माता की कहानी

सुनीता
बी०ए०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1187

ऐ हिन्द देश के लोगों ! सुन लो मेरी दर्द कहानी,
क्यों दया-धर्म बिसराया, क्यों हुई दुनिया वीरानी।
जब सबको दूध पिलाया मैं गऊ माता कहलाई,
क्या है अपराध हमारा जो काटे आज कसाई।

बस भीख प्राण की दे दो मैं द्वार तिहारे आई,
मैं सबसे निर्बल प्राणी मत करो आज मनमानी ।
जब क्षण मौत का आया मैं हाय-हाय चिल्लाती,
कोई साथ न देता मेरा यहाँ सबकी करी पहचानी!

उस समदर्शी ईश्वर ने क्यों हमको मूक बनाया,
न हाथ दिए लड़ने को, हिंदू भी हुआ पराया।
कोई मोहन बन जाओ रे, जिसने मोहे कंठ लगाया,
माँ बन दूध पिलाऊँ रे, फर्ज माँ का निभाऊँ रे।

मैं माँ बन सबको दूध पिलाती, तुम माँ के माँस को खाते,
क्यों जननी के चमड़े से पैसे आज कमाते!
मेरे बछड़े अन्न उपजाते, पर तुम दया न ला पाते।
गौ सेवा कर पुण्य कमा लो, गऊ हत्या बंद करो,
रहने दो वंश निशानी रे।

हे हिन्द देश के लोगों! सुन लो मेरी दर्द कहानी,
क्यों दया धर्म बिसराया, क्यों हुई दुनिया वीरानी!

अनमोल वचन

प्रवेश डुल्ट
बी०एस०सी०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-2707

1. गुरू की डाँट पिता के प्यार से अच्छी है।
2. विद्यार्थी की सच्ची सुंदरता उसके गुणों और योग्यता में है, न कि बाहरी फैशन में।
3. सच्चा मनुष्य वही है जो बुराई का बदला भलाई से दे।
4. सत्य की सुन्दरता मीठे वचनों से है।
5. शिक्षा के बिना मानव पशु के समान है।
6. मनुष्य का महत्व उसके कपड़ों से नहीं, अपितु उसके आचरण से है।
7. सम्पन्नता से मित्रता बढ़ती है, विपदा उसकी परख करती है।
8. अंधा वह नहीं जिसकी आँखें नहीं, अंधा वह है जो अपने दोषों को ढँकता है।
9. दूसरों के सुख के लिए अपने सुख का त्याग करना सच्ची सेवा है।
10. आलसी ही किस्मत पर भरोसा करते हैं।
11. मनुष्य को बोलना कम चाहिए और सुनना अधिक चाहिए। इसलिए ईश्वर ने हमें एक जिह्वा और दो कान दिए हैं।
12. नम्रता से देवता भी मनुष्य के वश में हो जाते हैं।
13. मुस्कुराहट वह सुन्दर चाबी है जो हर दरवाजे का रास्ता खोल देती है।
14. समय और सागर की लहरें किसी की प्रतीक्षा नहीं करती।
15. आत्मविश्वास में वह शक्ति है, जो हजारों विपत्तियों का सामना कर, उन पर विजय प्राप्त कर सकती है।

एक दिन दरवाजा खोलेगी बेटी

निशा
बी.ए. द्वितीय वर्ष
रोल नं. 1120

अपनी शादी से पहले दिन पति और पत्नी के बीच शर्त रखी जाती है कि किसी के लिए भी दरवाजा नहीं खोला जाएगा। उसी दिन उस लड़के के माता पिता आए और अन्दर जाने के लिए दरवाजा खटखटाया। पति पत्नी एक-दूसरे की तरफ देखते हैं। पति अपने माता-पिता के लिए दरवाजा खोलना चाहता है, लेकिन उसे शर्त याद आ जाती है। वह दरवाजा नहीं खोलता है और उसके माता-पिता चले जाते हैं। कुछ समय के बाद उसी दिन लड़की के माता-पिता आते हैं और अन्दर जाने के लिए दरवाजा खटखटाते हैं। पति पत्नी फिर एक-दूसरे की तरफ देखते हैं और उस समय भी वो शर्त याद करते हैं।

पत्नी की आँखों में आँसू आ जाते हैं। वो अपने आँसू पोंछते हुए कहती है कि मैं अपने माता-पिता के लिए ऐसा नहीं कर सकती और दरवाजा खोल देती है। पति कुछ नहीं कहता है। कुछ समय के बाद उनके दो पुत्र जन्म लेते हैं। उसके बाद उनको तीसरा बच्चा होता है जो एक बेटी होती है। वह पति अपनी पुत्री के जन्म लेने के अवसर पर एक बहुत बड़ी और शानदार पार्टी का आयोजन करता है और अपने सभी दोस्तों ओर रिश्तेदारों को बुलाता है। उसकी पत्नी उससे पूछती है कि क्या कारण था, जो उसने बेटी के जन्म पर इतनी बड़ी पार्टी का आयोजन किया, जबकि इससे पहले दोनों बेटों के जन्म पर ऐसा कुछ नहीं किया। पति अपने साधारण से शब्दों में बड़े प्यार से उत्तर देता है। कि यही वो है जो एक दिन मेरे लिए दरवाजा खोलेगी। बेटियाँ बहुत स्पेशल होती हैं। आपकी बेटी भले ही आपके साथ कुछ समय के लिए ही रहे, लेकिन उसका दिल और प्यार जीवनभर अपने माता-पिता के लिए रहता है।

राजनेताओं की कहानी

पूजा
बी०ए०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1215

ऐ मेरे वतन के लोगों, ज़रा आँख में भर लो पानी,
जो शहीद हुए हैं उनकी ज़रा याद करो कुर्बानी।
ज़रा सुनो आज के राजनेताओं की कहानी,
ऐ मेरे वतन के लोगों, ज़रा...।।

विकास कार्य के पैसे खुद डकार जाते हैं
और जेब अपनों की भरते हैं, बैंक एकाऊंट दूसरों का चेक करवाते हैं।
ज़रा सुनो इनकी कहानी...।।
सरहद पर खाते शहीद गोलियां,
खुद ए.सी. के कमरों में आराम फरमाते हैं।
जनता खाती धक्के सड़कों पर,
खुद आरामदायक ए.सी. कारों में सैर पर जाते हैं।
ज़रा आगे सुनो...।।

स्वतंत्रता दिवस पर फहराते हैं झंडा,
लाठियाँ खूब जनता पर फिर बरसाते हैं और
चुनाव के समय लौट कर जनता के जख्मों पर मरहम लगाते हैं।
ज़रा आगे सुनें इनकी महान कहानी।

बेईमानी की मिसाल खुद बने,
सी.बी.आई. के हाथ बाँधकर जाँच विपक्ष की करवाते हैं।
उठते हैं जो हाथ जनता की आवाज़ बनकर,
उस आवाज़ को हमेशा के लिए मिटा देते हैं।
ज़रा आगे सुनो...।।

सरहद पर खड़े सिपाही झेलें गोली,
दुश्मन सिर काट शहीदों के साथ ले जाते हैं और
नेता देश के बातचीत में काम चलाते हैं।
ज़रा सुनें...।।



सड़ता है अनाज गोदामों में, भंडार करके अनाज का महँगाई खुद बढ़ाते हैं,
कसूर गरीब किसानों का बताते हैं
महँगाई और बढ़ जाती है कर्ज़ के कारण आत्महत्या किसान करते हैं,
नेता झूठे आँसू बहाकर अपना काम कर जाते हैं।
ऐ मेरे वतन के लोगों ! ज़रा आँख में भर लो पानी,
जो शहीद हुए हैं उनकी, ज़रा याद करो कुर्बानी।

वक्त

सुनीता
बी॰एससी॰ तृतीय वर्ष
अनुक्रमांक-2175

सब कुछ है लोगों के दामन में,
पर हँसी के लिए वक्त नहीं।
दिन-रात भागते फिरते,
पर जीने के लिए वक्त नहीं।
माँ की लोरी का अहसास है,
पर माँ को माँ कहने का वक्त नहीं।
सब रिश्ते हम मार चुके,
पर दफनाने के लिए वक्त नहीं।
सब के नाम मोबाइल पर
दोस्ती के लिए वक्त नहीं।
गैरों की क्या बात करें,
अपनों के लिए वक्त नहीं।
आँखों में है नींद भरी,
पर सोने के लिए वक्त नहीं।
दिल गमों से भरा है,
पर रोने के लिए वक्त नहीं।
पैसों के पीछे ऐसे भागे,
पर रुकने के लिए वक्त नहीं।
परायों की क्या बात करें,
अपनों को ही वक्त नहीं।

हास्य शायरी

सुमित यादव
बी॰ए॰-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1319

तुझ से प्यार करके मेरी किस्मत जाग गई।
मैंने तुझे इतने लैटर पोस्ट किए।
तू डाकिये के साथ भाग गई।।
तेरी गली के चक्कर लगाते-लगाते,
कुत्तों के यार हो गए,
तेरे तो कुछ न बन पाए,
मगर कुत्तों के सरदार हो गए।।
अब तो बदल गया जमाना,
नहीं नहाए तो क्या शर्माना।
आपके पास है रेडिमेड बहाना,
दो टब पानी रोजाना है बचाना।।
कॉलेज की गलियों में जब कोई खेल होता है,
क्लास के बहाने दिलों का मेल होता है।
नोट्स की जगह लव मेल होता,
इसलिए तो तू हर साल फेल होता।।

विरोधाभासी तथ्य

मनीषा
बी॰एससी॰ द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-2762

1. हमारी राष्ट्रीय भाषा हिंदी है, परंतु फिर भी हम अंग्रेज़ी बोलने में गर्व महसूस करते हैं न कि हिंदी बोलने में।
2. आर्य का अर्थ होता है- श्रेष्ठ। किंतु आज हमें बताया जाता है कि आर्य लोग माँस खाते थे और यज्ञ-हवन में बलि देते थे। इतने श्रेष्ठ और उत्तम लोग ऐसा कार्य कभी नहीं कर सकते थे।
3. राष्ट्रीय गान (वास्तव में जो अंग्रेज़ों की प्रशंसा में बना है) को जितना सम्मान देते हैं, उतना राष्ट्रीय गीत को क्यों नहीं देते।
4. यदि पौराणिक समाज भी पुरुष प्रधान होता, तो सीता जैसी स्त्रियों का स्वयंवर कैसे संभव होता?
5. आज संसार में भारत के अलावा कोई ऐसा देश नहीं है, जिसका हिंदी व अंग्रेज़ी में अलग-अलग नाम है।
6. आज हम गर्व से कहते हैं, 'जो जीता, वही सिकंदर'। किंतु उस सिकंदर को तो हमारे महान देशभक्त सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य ने हराया था।

याद रखने योग्य बातें

सोनिया रुहिल
बी०एस०सी०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1253

1.	तीन चीज़े मनुष्य को एक बार मिलती हैं	►	माता-पिता, जीवन, सौंदर्य
2.	तीन चीज़ें कभी छोटी नहीं होती हैं	►	दुश्मन, फर्ज, बीमारी
3.	तीन चीज़ें सच्ची मित्र हैं	►	वृद्धा पत्नी, साहस, पास का धन
4.	मनुष्य के तीन अच्छे गुण हैं	►	आशा, विश्वास, दान देना।
5.	तीन चीज़ें हमेशा याद रखो	►	सच्चाई, मौत, फर्ज
6.	तीन चीज़ें किसी का इंतज़ार नहीं करतीं	►	ग्राहक, मृत्यु, समय
7.	तीन चीज़ें मनुष्य को उद्देश्य से दूर ले जाती हैं	►	लालच, गुस्सा, बदचलनी
8.	तीन चीज़ें निकल कर वापिस नहीं आती हैं	►	बात जुबान से, तीर कमान से, प्राण शरीर से
9.	तीन चीज़ें मनुष्य में वास करती हैं	►	मनुष्यता, दिव्यता, पशुता

पक्षी अपने पाँव के कारण जाल में फंसते हैं।
लेकिन मनुष्य अपनी जुबान के कारण फँसता है।।

1) हर तरफ पढ़ाई का साया है।
हर पेपर में जीरो आया है।
हम तो यूँ ही चले जाते पेपर में
बिना मुहँ धोए एग्जाम देने के लिए
और लोग कहते हैं कि नालायक
रात भर पढ़ कर आया है।

2) किसी को दु:ख देकर,
मुझसे अपने सुख की इच्छा मत करना।
लेकिन अगर किसी को एक पल का भी सुख दिया,
तो अपने दु:ख की चिन्ता मत करना।

जीवन के पाँच नकारात्मक तथ्य

उपासना
बी०ए० प्रथम वर्ष
अनुक्रमांक-110

तथ्य - 1. मैं नहीं कर सकता।
उपाय- अपनी क्षमता को पहचान कर तथा आत्मविश्वास को जगाकर कार्य करें।

तथ्य - 2 मैं अकेला क्या कर सकता हूँ?
उपाय - पहल अकेला ही करता है। साथी जुड़ेंगे जरूर। दशरथ मांझी इसका सबसे अच्छा उदाहरण है।

तथ्य - 3 इसमें मेरा क्या लाभ?
उपाय - मैं भी समाज का हिस्सा हूँ। समाज का भला मेरा भला है।

तथ्य - 4 दूसरे तो नहीं कर रहे।
उपाय - स्वयं के प्रति जवाबदेह बनें। क्या आपने अपना फर्ज पूरा किया?

तथ्य 5 आज नहीं कल देखेंगे।
उपाय - कल कैसा होगा? हम अनजान हैं। हो सकता है कल की परिस्थितियाँ हमारे वश में न हों। आज हम सक्षम हैं। इसे आज ही करें।

माँ

सोनिया रूहिल
बी०ए०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1253

तलाशो तो हीरा मिलता है,
मगर माँ का प्यार नहीं।
माँ खुदा का तोहफा है,
इसके लगते बाज़ार नहीं।
खून पिलाकर पाला जिसने,
क्या उसके अरमान नहीं?
सारे मंत्री पीछे हैं सब कुछ
इनसे लगती पार नहीं
माँ का कर्ज़ चुकाना पहले
इससे बढ़कर मार नहीं।
तलाशो तो हीरा मिलता है,
मगर माँ का प्यार नहीं।
अपना जीवन देकर पाला,
ऐसी पालनहार नहीं।
क्या कहूँ इसके बारे में,
इसका कोई विस्तार नहीं।
तलाशो तो हीरा मिलता है,
मगर माँ का प्यार नहीं।।

माँ भूखी रहती है, हमें खाना खिलाने के लिए।
मेहनत मज़दूरी करती है, हमें पढ़ाने के लिए।
खुद सादगी में रहती है, हमें अच्छा पहनाने के लिए।
लाल-पीली होती है माँ, हमें अच्छी राह दिखाने के लिए।

हिन्दी

मनीषा
बी०ए०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1175

हिन्दी हिन्द की भाषा है,
सब मिलकर हिन्दी अपनाएँ,
यह हमारी अभिलाषा है।
आजकल सब बच्चों को,
अंग्रेजी में शिक्षा दिलाते हैं।
हिन्दी में वो बात करने से,
कुछ अधिक कतराते हैं।
बोले शब्द अंग्रेजी के,
लाट साहब कहलाते हैं।
बात करे जो हिन्दी में,
गँवार उसे बतलाते हैं।
आज हम कसम खाएं,
हिन्दी का हम मान बढ़ाएं।
दूसरे की माँ को अपना मानें,
क्या अपनी माँ सह पाएगी।
कुछ हिन्दी प्रेमियों के कारण,
राह अभी तक जिन्दा है।

बेटियाँ

सुनीता
बी०ए०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1187

1. मैं अतीत हूँ, वर्तमान हूँ, भविष्य हूँ
पाप नहीं हूँ, अभिशाप नहीं हूँ
संताप नहीं हूँ, धरती हूँ
आकाश हूँ, नदी हूँ, चाँद हूँ, सूरज हूँ
मैं सृष्टि हूँ, तुम्हारी संवेदना हूँ
मुझे बचाओ।
2. घर की पहचान हैं बेटियाँ
रिश्तों की जबान हैं बेटियाँ
ये तो किताब हैं हर सच्चाई की
गीता और कुरान हैं बेटियाँ

साथ सब ना चल सकेंगे

शिल्पा
बी०एससी० तृतीय वर्ष
अनुक्रमांक-2828

साथ सब ना चल सकेंगे, ये तो हम भी जानते हैं
लोग रास्ते में रूकेंगे, ये तो हम भी मानते हैं।
दूसरों के आँसू अपनी आँखों से जो भी बहाये
वो हमारे साथ आए, भीड़ चाहे लौट जाए।

दूसरों को जानते हैं, खुद को पहचाना नहीं है
बात है छोटी पर सबने इसे माना नहीं है।
बौने किरदारों को अकसर होता है कद का गुमां।
कद किसी का नापने का भी पैमाना नहीं है।
हम तो बस उस आदमी के साथ चलना चाहते हैं।
जो अकेले में कभी ना, आइने से मुँह चुराये
वो हमारे साथ आए भीड़ चाहे लौट जाए।

आवरण भाने लगे तो सादगी का अर्थ भूले,
अर्थ की चाहत में पल-पल जिन्दगी का अर्थ भूले।
छोटी खुशियाँ द्वार पर दस्तक तो लाई लेकिन,
हम बड़ी खुशियों में छोटी हर खुशी का अर्थ भूले
दूसरों की खुशी में जो ढूंढकर अपनी खुशी को
भोली-सी मुस्कान हरदम अपने होठों पर सजाए
वो हमारे साथ आए, भीड़ चाहे लौट जाए।

हर किसी को भ्रम है, साथ है दुनिया का मेला
पर हकीकत में सभी को होना है, इक दिन अकेला
ज़िन्दगी में मुस्कुराकर बस गले उसको लगाया
जिसने भी जिन्दादिली से जिन्दगी का खेल खेला
दुनिया में उसको सभी मौसम सुहाने लगते हैं,
हमारे साथ आए,
मौत की खिलती कली पर,
भँवरा बन जो गुनगुनाएं
वो हमारे साथ आए, भीड़ चाहे लौट जाए।

ग़ज़ल

सोनिया रूहिल
बी०ए०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1253

गम और खुशियों को साथ चलते देखा है।
अपनों को पल-भर में रंग बदलते देखा है।
देखने को बाकी कुछ न रहा जहां में
हमने सच-झूठ को संग चलते देखा है।
इन्सान तो फिर भी इन्सान है ए दोस्त!
हमने तो खुदा को भी मचलते देखा है।
गर्व बड़ा करते थे जिन पर
उसी हकीकत को सपना बनते देखा है।
गरीब तो फिर भी गरीब है ए दोस्त!
हमने तो अमीरों को भी मिट्टी में मिलते देखा है।
कविता तो फिर भी कविता है ए दोस्त!
हमने तो ग़ज़लों को भी अखबारों में छपते देखा है।

अगर रास्ता खूबसूरत है। तो पता कीजिए कि वह रास्ता किस मंजिल तक जाता है? लेकिन अगर मंजिल खूबसूरत है, तो रास्ते की परवाह मत कीजिए।

सवाल

सोनिया रूहिल
बी०ए०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1253

1. क्यों अल्ट्रासाऊंड की रिपोर्ट आते ही
   जन्म से पहले ही मार दी जाती हैं लड़कियाँ?
2. क्यों कोख में जन्म लेते ही
   दिल का बोझ बन जाती हैं लड़कियाँ?
3. क्यों समाज खामोश है
   जब इस कदर खत्म हो रही हैं लड़कियाँ?
4. दोस्तो, कहीं ऐसा ना हो कि इन हालातों में कहीं
   जुबानों पर ही ना रहें लड़कियाँ?
5. आने वाले पूछें कि कोई तो बताओ
   कैसी होती हैं लड़कियाँ?

मत सता लड़की को तुझे पाप पड़ेगा।
अरे एक दिन तू भी तो लड़की का बाप बनेगा॥

गणितीय विवाह

अन्नू
बी०एससी० द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-2702

प्रिय ट्रिगनोमैट्री,

मधुर स्मृति!

बहुत जोड़-घटा करने के पश्चात् मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि यदि मेरे बेटे जीरो के साथ Infinity की शादी हो जाए, तो कितना अच्छा रहे, क्योंकि Mr. Zero और Miss. Infinity दोनों का युगों का साथ है और आपको भी मालूम है कि दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। इसका प्रमाण है-

1. Any digit/Infinity = Zero
2. Any digit/Zero = Infinity

वैसे दोनों में कुछ बुराइयां भी हैं, मेरा पुत्र विद्यार्थियों का शत्रु है और विद्यार्थी उसे अंडा कहकर पुकारते हैं। जब किसी उच्च पद को जीरो के साथ गुणा किया जाता है, तो जीत हमेशा Zero की ही होती है। यह सभी संख्याओं को खा जाता है और अकेले ही राज्य करता है। दूसरी तरफ, तुम्हारी पुत्री Miss. Infinity भी कोई ब्यूटी क्वीन तो है नहीं। चाल-ढाल भी अलग है। जब चलना प्रारंभ करती है, तो तारों से आगे चलने के बाद भी उसका अंत नहीं होता। बड़ी जिद्दी भी है क्योंकि कई बार उसे चेक करने का प्रयत्न किया गया है किन्तु सफलता किसी को नहीं मिलती। वह अपने मन की रानी है।

दोनों की उपरोक्त विशेषताओं को देखते हुए मैंने सोचा कि यह जोड़ा अद्वितीय होगा। तुम शीघ्र अपने पति Mr. Formula और उसके भाई Mr. Logarithm से सहमति लेकर मुझे सूचित करो, ताकि शादी की तारीख परीक्षक नामक पंडित से पूछकर निश्चित की जा सके और University के दफ्तर में रजिस्टर कराई जा सके, जिससे प्रमाण पत्र में आसानी हो। अपनी पुत्रियों Miss. Infinity, Miss Solid Geometry और Miss Co-ordinate Geometry को मेरी तरफ से तथा मेरी पत्नी Statistics की तरफ से मधुर प्यार कहना। Mr. Arithmetic और Mr. Graph को मेरा नमस्कार कहना।

पत्रोत्तर की प्रतीक्षा में-

Mr. Algebra
Calculation Colony, 90° Angle Crossing,
Dynamic Street, Mathematics

स्वागत करने के तरीके

रीतू वशिष्ठ
बी०एस०सी०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-2738

1. तिब्बत - तिब्बत के लोग जीभ निकाल कर एक-दूसरे का स्वागत करते हैं।
2. जापान - जापान के निवासी मिलते समय अपने जूते खोल देते हैं।
3. इंग्लैंड - इंग्लैंड के निवासी एक दूसरे का स्वागत हाथ मिलाकर करते हैं।
4. अरब - अरब के लोग मिलते समय एक-दूसरे के पाँव चूमते हैं।
5. नाइजीरिया - नाइजीरिया के निवासी एक-दूसरे का स्वागत मुक्का दिखाकर करते हैं।
6. न्यूजीलैण्ड - न्यूजीलैण्ड के लोग मिलते समय एक-दूसरे की नाक से नाक रगड़ते हैं।
7. दक्षिण द्वीप - दक्षिण द्वीप के निवासी सिर पर पानी डालकर एक-दूसरे का स्वागत करते हैं।
8. भारत - सबसे अनोखा ढंग भारत का है जहाँ हाथ जोड़कर एक-दूसरे का स्वागत करते हैं।

घरेलू स्वास्थ्यवर्धक नुस्खे

उपासना
बी०ए० प्रथम वर्ष
अनुक्रमांक-110

1. जिगर के बल पे इंसान है जीता,
   कमजोर है जिगर तो खा ले पपीता।
2. जो दुखता है गला दर्द के मारे,
   तो नमकीन पानी के कर ले गरारे।
3. थकावट से है अगर अंग ढीले,
   तो गर्मागर्म दूध तू पी ले।
4. अगर खून है कम बलगम है ज्यादा,
   तो खाया कर चुकुंदर, शलगम, गाजर ज्यादा।
5. दिल की कमजोरी का है अगर अहसास,
   खाया कर सेब, आँवला और अनानास।
6. दाँतों के दर्द से है अगर व्याकुल,
   नमक, सरसों का तेल मिलाकर मल।
7. दिमाग में नहीं चाहिए कोई खोट,
   तो सुबह उठकर खाया कर बादाम व अखरोट।
8. सौ साल तक चाहता है अगर करना दौड़,
   हरि व हरड़ को कभी न छोड़।

तथ्य

दीक्षा
बी०ए० प्रथम वर्ष
अनुक्रमांक-170

1. गुस्से में आदमी बेकार की बात तो करता है, परंतु कई बार दिल की बात भी कह जाता है।
2. ना कर फिक्र कि जमाना सोचेगा क्या, जमाने को अपनी ही फिक्र से फुरसत कहाँ।
3. इंसान जिंदगी में गलतियाँ करके उतना दुःखी नहीं होता, जितना कि वह बार-बार उन गलतियों के बारे में सोच कर होता है।

पहेलियाँ

प्रियंका
बी०ए०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1152

1. बूझो बच्चो एक पहेली,
   ये है हम सब की सहेली,
   व्याकरण में पहले आती
   सबका नाम ये कहलाती,
2. संज्ञा बार-बार जब ये आए,
   वाक्यों को नीरस ये बनाए,
   उसे हटा मैं वाक्य में आता,
   बोलो बच्चों! क्या कहलाता,
3. ये है लाल वो है काला,
   ये मीठा वो है रस वाला,
   भाँति-भाँति के गुण बताता,
   बोलो बच्चो! क्या कहलाता,
4. काम करो भई काम करो,
   लाती हूँ मैं ये पैगाम,
   सबकी हलचल देखूँ मैं,
   बूझो तो अब मेरा नाम?
5. सीधा अर्थ न मुझको आता,
   उल्टा काम ही मुझको भाता,
   उलट फेर ही मेरा काम,
   बूझो तो सब मेरा नाम,
6. चंदा एक तारे अनेक,
   फूल एक भँवरे अनेक,
   एक अनेक का ज्ञान कराऊँ,
   बोलो तो मैं क्या कहलाऊँ,
7. एक जानवर ऐसा जिसकी दुम में पैसा
   सर पे उसके ताज है, बादशाह के जैसा
   बादल देखे छम-छम नाचे अलबेला मस्ताना।

उत्तर- 1. संज्ञा, 2. विशेषण, 3. विलोम, 4. सर्वनाम, 5. क्रिया, 6. वचन, 7. मोर

तथ्य

एकता
बी०ए० प्रथम वर्ष
अनुक्रमांक–134

1. मानव के शरीर में 0.2 मिलीग्राम सोने का अंग पाया जाता है, जो बॉडी को माइंड के सिग्नल देने में मदद करता है।
2. पृथ्वी पर 11 करोड़ 70 लाख से ज्यादा झीलें हैं।
3. यूएस डॉलर कॉटन और लिनेन फैब्रिक को मिलाकर तैयार किए जाते हैं।
4. नेपाल विश्व का एक मात्र हिंदू राष्ट्र है।
5. 'हाइड्रोजन' शब्द ग्रीक भाषा के दो शब्दों से लिया है जिसका अर्थ है पानी निर्माता।
6. दिल के बंद होने पर छह मिनट के बाद भी दिमाग जीवित रह सकता है क्योंकि तब तक उसे रक्त का प्रवाह मिलता रहता है।
7. एक व्यक्ति अपनी पूरी जिंदगी में साँसों के जरिये करीब 21 किलो धूल खा जाता है।
8. इरेजर (रबड़) के आविष्कार से पहले पेंसिल की लिखावट को मिटाने के लिए ब्रेड का इस्तेमाल किया जाता था।
9. प्रशान्त महासागर का नामकरण स्पेन निवासी मैगलन ने किया था।
10. दुनिया की कुल जनसंख्या से ज्यादा बैक्टीरिया हमारे मुँह में पाए जाते हैं।
11. शाम की तुलना में, सुबह मनुष्य की लंबाई 1 सेंटीमीटर ज्यादा होती है। रात में सोते वक्त रीढ़ की हड्डी के बीच तरल पदार्थ फैल जाता है, जिससे लंबाई बढ़ जाती है। दिनभर चलने-फिरने से इस पर दबाव पड़ता है और यह सिकुड़ जाता है।
12. राइट हैंडी लोग औसत या 9 साल ज्यादा जीते हैं बजाय लेफ्ट हैंडी लोगों के।

Student का महत्त्व

अनिशा
बी०ए०–द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक–2746

1. Student शब्द का पहला वर्ण है 'S' और 'S' से बनता है Social Worker. प्रत्येक विद्यार्थी का कर्त्तव्य है कि वह Social Worker हो। वह अपने समाज की भलाई के लिए अधिक-से-अधिक कार्य करे।
2. Student शब्द का दूसरा वर्ण है 'T' और 'T' से बनता है Truth विद्यार्थी में यह गुण होना अति आवश्यक है। उसे प्रत्येक कार्य सच्चाई के साथ करना चाहिए, तभी वह सच्चा विद्यार्थी कहलाएगा।
3. Student शब्द का तीसरा वर्ण है 'U' और 'U' से बनता है Understanding प्रत्येक विद्यार्थी के अन्दर समझदारी होनी चाहिए।
4. Student शब्द का चौथा वर्ण है 'D' और 'D' से बनता है Discipline, जिसका अर्थ है 'अनुशासन'। अनुशासन विद्यार्थी के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है, 'क्योंकि इससे दो संस्थाओं पर प्रभाव पड़ता हैं'। पहले तो उसके कुटुम्ब पर और दूसरे जिस संस्था में वह शिक्षा प्राप्त करता है।
5. Student शब्द का पांचवां वर्ण है 'E' और 'E' से बनता है Educated. प्रत्येक विद्यार्थी को योग्य होना चाहिए। विद्यार्थी का अर्थ है– विद्या ग्रहण करने वाला।
6. Student शब्द का छठा वर्ण है 'N' और 'N' से बनता है Natural. प्रत्येक विद्यार्थी को अपने साथियों के साथ निष्पक्ष रहना चाहिए।
7. Student शब्द का सातवां वर्ण है 'T' और 'T' से बनता है Try. प्रत्येक विद्यार्थी को सदैव प्रयत्नशील होना चाहिए।
अगर विद्यार्थी में ये सात गुण विद्यमान हैं, तो वह वास्तव में श्रेष्ठ विद्यार्थी होता है।

हरियाणवी स्पीकिंग कोर्स

मनीषा
बी॰एससी॰ द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-2762

Eyes	-	दीदे
Face	-	थोबड़ा
Finger	-	आंगली
Knee	-	गोड्डा
Hairs	-	लटूर
Nose	-	नाष्टी
Come here	-	उरैन आ
Go	-	लिकड़
Go there	-	भाज ले
Go in	-	बड़ ज्या
Get out	-	लिकड़ ज्या
Here	-	आड़ै
There	-	उड़ै
Smooth	-	मलाई बरगा
Let him go	-	जान दे साले नै
Let's go	-	चालै नै इब
Fast	-	सैड़-सैड़
Solved	-	निपट गे
Slapping	-	खींच कै रहपटा
Excuse me	-	सुनै है के
Bed	-	पिलंग
Gate	-	किवाड़
Raining	-	मींह
Sunlight	-	घाम
Very	-	निरा
Wife	-	घरआली
Who	-	कुण
I said	-	मखाँ

पति का सुपर रिप्लाई

मेरी नज़र में...

मनीषा
बी॰एससी॰ द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-2762

पत्नी मायके जाती है और मजे लेने के लिए पति को मैसेज भेजती है:-

''मेरी मोहब्बत को अपने दिल में ढूंढ लेना,
और हाँ, आटे को अच्छी तरह गूँथ लेना,
मिल जाए अगर प्यार तो खोना नहीं,
प्याज काटते वक्त बिल्कुल रोना नहीं।
मुझसे रूठ जाने का बहाना अच्छा है,
थोड़ी देर और पकाओ आलू अभी कच्चा है।
मिलकर फिर खुशियों को बाँटना है।
टमाटर जरा बारीक ही काटना है।
लोग हमारी मोहब्बत से जल न जाएँ,
चावल टाइम पे देख लेना कहीं गल न जाएँ।
कैसी लगी हमारी गजल बता देना,
नमक कम लगे तो और मिला लेना।''

पति का सुपर रिप्लाई-

''तुम्हारी यही अदा तो दिल को भा गई,
तुम्हारे जाते ही, पड़ोसन खाना पकाने आ गई।।''



कटु सत्य

मेरी नज़र में...

मनीषा
बी०एससी० द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-2762

एक तरफ तो हर चुनाव के दौरान पार्टियाँ जातिवाद को जड़ से खत्म करने का वादा करती हैं, वहीं दूसरी ओर सत्ता में आने पर आरक्षण का आधार जाति को बनाकर खुद जातिवाद को बढ़ावा देती हैं। जातिगत आरक्षण से देश की एकता को घुन-सा लग गया है। यह घुन अदृश्य रूप से राष्ट्रीय एकता को अंदर ही-अंदर खाए जा रहा है।

यदि सरकार राष्ट्रीय एकता को बनाए रखकर सामूहिक विकास चाहती है तो उन्हें जातिगत आरक्षण को समाप्त करके आर्थिक आधार पर आरक्षण देना चाहिए, ताकि उचित लोग आरक्षण का लाभ उठा सकें। दूसरा, आर्थिक आधार पर आरक्षण भी बच्चों को केवल पढ़ते वक्त देना चाहिए। पढ़ाई पूरी होने के बाद उन्हें अपनी योग्यता के अनुसार नौकरी मिले। इस प्रकार के आरक्षण से हमें तीन लाभ होंगे।

1. सभी बच्चों में पढ़ने की ललक पैदा होगी और सर्व शिक्षा अभियान सफल होगा। नारी साक्षरता में भी उन्नति होगी।
2. जातिगत भेदभाव खत्म होगा और राष्ट्रीय एकता स्थापित होगी।
3. देश के युवा दूसरों पर निर्भर न रहकर अपने बलबूते पर जीवन जीना सीखेंगे। पढ़ाई के महत्व को भी लोग भलीभाँति समझेंगे।

गौमाता की पुकार

दीक्षा
बी०ए०-प्रथम वर्ष
अनुक्रमांक 170

एक दर्द भरी चीत्कार, चली गर्दन पर कटार
दिल न दहला मानवता का देख गौमाता पर वार,
जाने क्या हो गया, आज के इस इंसान को,
अपनी क्रूर कटार से, धोखा दे रहा भगवान् को,
हर तरफ है रक्त रंजित, धरती पर सिसकारियाँ,
भारत माँ चीत्कार रही, इंसान की देख हैवानियां,
जिस देश में गौमाता को आदर से पूजा जाता था,
आज उसी भूमि पर उनको बेदर्दी से मारा जाता है,
न जाने इंसान में क्यों, इतनी दानवता भर गई,
पशुओं से तुलना क्या करे, सबकी मानवता मर गई,
'कन्हैया' कहते हैं जिसको माता अपनी,
आज वो ही कचरे को टिटोलती है भूख मिटाने को अपनी,
मूक बेकसूर पशुओं पर, कोई कटार चलाए ना,
सबको हक है जीने का, ये बात कोई भुलाए ना।

वतन का सौदा

कविता चहल
बी०ए०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1270

हर चीज़ का सौदा कर लेना, पर वतन का सौदा मत करना।
जुल्म कोई भी कर लेना, पर वतन से धोखा मत करना।।
इस धरती माँ की ही गोद में हमारा बचपन बीता है,
ये भूल मत जाना तू माँ के दूध के कारण जीता है।
कोई भी सौदा करना, पर इस दूध का सौदा मत करना,
हर चीज़ का सौदा कर लेना, पर वतन का सौदा मत करना।
धोखा करेगा इससे तो जीवन में धोखा खाएगा,
गद्दारी करके वतन से प्यारे मौत बुरी पाएगा।
यहाँ कब्रिस्तान न बिकाऊ है, कब्र का सौदा मत करना,
हर चीज़ का सौदा कर लेना, पर वतन का सौदा मत करना।।
नेहरू गांधी ने मिलकर इस देश की नींव रखी है
लाला लाजपतराय ने लाठियां खाकर भी इसकी लाज रखी है।
कोई बेशर्मी कर लेना, पर लाज का सौदा मत करना,
हर चीज़ का सौदा कर लेना, पर वतन का सौदा मत करना।।

भारत के बारे में सामान्य जानकारी

निशा लाठर
बी०ए०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1120

1.	भारत की राष्ट्रीय मिठाई	-	जलेबी
2.	भारत का राष्ट्रीय ध्वज गीत	-	हिंद देश का प्यारा झंडा
3.	भारत का राष्ट्रीय ध्वज	-	तिरंगा
4.	भारत का राष्ट्रीय वाक्य	-	सत्यमेव जयते
5.	भारत का राष्ट्रीय गीत	-	वन्दे मातरम्
6.	भारत का राष्ट्रीय चिह्न	-	अशोक स्तम्भ
7.	भारत की राष्ट्रीय मुद्रा	-	रुपया
8.	भारत का राष्ट्रीय फूल	-	कमल
9.	भारत की राष्ट्रीयता	-	भारतीयता
10.	भारत की राष्ट्र भाषा	-	हिंदी
11.	भारत की राष्ट्रीय लिपि	-	देवनागरी
12.	भारत का राष्ट्रीय नारा	-	श्रमेव जयते
13.	भारत की राष्ट्रीय विदेश नीति	-	गुट निरपेक्षता
14.	भारत का राष्ट्रीय पुरस्कार	-	भारत रत्न
15.	भारत का राष्ट्रीय गान	-	जन-गन-मन
16.	भारत का राष्ट्रीय सूचना पत्र	-	श्वेत पत्र
17.	भारत का राष्ट्रीय वृक्ष	-	बरगद
18.	भारत की राष्ट्रीय नदी	-	गंगा
19.	भारत का राष्ट्रीय पक्षी	-	मोर
20.	भारत का राष्ट्रीय पशु	-	बाघ
21.	भारत का राष्ट्रीय फल	-	आम
22.	भारत का राष्ट्रीय खेल	-	हॉकी
23.	भारत के राष्ट्रीय पर्व		26 जनवरी (गणतन्त्र दिवस) और 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस)
24.	भारत की राष्ट्रीय योजना	-	पंच वर्षीय योजना
25.	भारत का राष्ट्रीय पंचांग	-	विक्रमी संवत

मीठी बोली

सोनिया
बी०ए०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1262

सबसे बोलो मीठी बोली,
कभी न बोलो कड़वे बोल।
आदर-मान मिलेगा सबसे,
बोलोगे यदि मीठे बोल!!

कड़वे बोल बोलकर कौवा,
कहीं न आदर पाता है।
जहाँ बोलता जहाँ बैठता,
दुत्कारा ही जाता है।।

लेकिन कोयल मधुर वाणी से,
सबका हृदय लुभाती है।
काली होने पर भी कोयल,
सबके मन को भाती है।।

इसीलिए जो कुछ भी बोलो,
मिश्री से मीठे हों बोल।
तन-मन को आनंदित कर दें,
जीवन में मधुरस दें घोल।।

मीठी वाणी बोल-बोलकर,
सबके मन में बस जाओ।
यही सफलता का रहस्य है,
उसे अवश्य तुम अपनाओ।।

पहेलियाँ



प्रियंका मेहरा
बी०ए०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1152

1. जान बेयर्ड ने मुझे बनाया, दुनिया ने मुझे अपनाया।
गीत, खेल व फिल्म दिखाऊँ, सबका मैं मन बहलाऊँ।।

2. एक नारी की चाल है झूठी, वे सर काटे रहे वह रूठी,
जब करे मुँह उसका काला, काम करे सबसे आला।।

3. खाते हैं इसको सब, लेकिन स्वाद न कोई बता सका।
लोग खिलाते भी हैं, लेकिन उसे न कोई चखा सका।।

4. बिन धोए सब खाते हैं, खाकर ही पछताते हैं।
बोलो ऐसी चीज है क्या, कहते समय शरमाते हैं।।

5. तीन रंग के सुन्दर पक्षी, नील गगन में भरे उड़ान।
यह हैं सबकी आँखों का तारा, हम सब करते इसका सम्मान।।

6. पत्थर पर पत्थर, पत्थर पर पैसा।
बिन पानी के घर बनावे, वह कारीगर कैसा।।

7. न कभी आता है, न कभी यह जाता है।
इसके भरोसे जो रहे, हमेशा पछताता है।

8. मुझे सुनाती सबकी नानी प्रथम कटे तो होती हानि।
बच्चे भूलते खाना, पानी, एक था राजा एक थी रानी।।

- उत्तरमाला -

1. टेलीविज़न, 2. कलम, 3. कसम, 4. धोखा, 5. तिरंगा झण्डा, 6. मकड़ी, 7. कल, 8. कहानी

जीवन मंत्र

निशा लाठर
बी०ए०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1120

'नल बंद करने से नल बंद होता है, पानी नहीं'
'घड़ी बंद करने से घड़ी बंद होती है, समय नहीं'
'दीपक बुझाने से दीपक बुझता है, रोशनी नहीं'
'झूठ छुपाने से झूठ छुपता है, सच नहीं'
'प्रेम करने से प्रेम मिलता है, नफरत नहीं'
'दान करने से रुपया जाता है, लक्ष्मी नहीं'
जन्म अपने हाथ में नहीं;
मरना अपने हाथ में नहीं;
पर जीवन को अपने तरीके से जीना अपने हाथ में होता है;
मस्ती करो मुस्कुराते रहो,
सबके दिलों में जगह बनाते रहो।
जिन्दगी में दो बातें हमेशा याद रखना-
जब गुस्सा आए, तब कोई "फैसला मत करना..."
और जब बहुत खुश हो, तब कोई वादा मत करना।

ज्ञान गंगा

रेनू दूहन
बी०ए०-तृतीय वर्ष
अनुक्रमांक 2212

☆ केवल वही व्यक्ति जीवित है, जिसके गुण जीवित हैं।
☆ महान व्यक्ति न किसी का अपमान करता है, न अपमान सहन करता है।
☆ जीवन की कला मुस्कुराना है।
☆ वही उन्नति कर सकता है जो स्वयं को उपदेश देता है।
☆ दुनिया में प्रसन्न रहने का एक ही तरीका है कि अपनी जरूरतों को कम कर दो।
☆ प्रसन्न रहना निरोगी रहने का प्राकृतिक तरीका है।
☆ दूसरों की कमजोरियाँ देखने से मनुष्य स्वयं कमजोर हो जाता है।
☆ जिंदगी का हर कदम सिखलाता है कि कितनी सावधानी की जरुरत है।

कॉलेज की यादें

अन्नू
बी०एससी० द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-2702

सर्दियों की रात थी, रजाई भी साथ थी,
पढ़ने का दिल नहीं था, चाय मेरे हाथ थी।
कर दी किताब बन्द, पीने लगी चाय,
और अचानक लाइट ने भी कर दी बाय।
चलो, अच्छा हुआ कि लाइट चली गई
कुछ और सोचने की फुर्सत मिल गई।
लेट गई बिस्तर में रजाई ली डाल,
लेटे ही लेटे मेरे मन में आया एक ख्याल।
नौकरी मिलना मुश्किल है फिर क्यों हम पढ़ते हैं?
फिर आँखों पर मोटे-मोटे चश्मे चढ़ते हैं।
कॉलेज में जाते ही बैठ जाएँगे धूप में,
सातवें पीरियड तक बैठ-बैठकर मर जाते हैं भूख में।
चल दिए सहेलियों के साथ, खाने लगे भटूरे
तभी हो गई रिसैस बैल, भटूरे रह गए अधूरे
ले लेते हैं चिप्स, खाएँगे क्लास में
तभी हो जाती है छुट्टी, मन में बजती है खुशी की घंटी
सहेली के साथ चल दी घर, नाम था बन्टी
घर पहुंच गई थोड़ी देर में, हो गई उदास
क्योंकि बैठे-बैठे आने लगी, कॉलेज की याद।
ख्यालों में खोई हुई थी कि आ गई लाइट,
ट्यूब लाइट चस गई कमरा हो गया ब्राइट।
उठ कर लाइट बंद की और लगी सोने
फिर सोकर, किसी नए ख्याल में खोने।

आज के विद्यार्थी

सुमित यादव
बी०ए०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1319

आज के विद्यार्थी न पढ़ते हैं।
न पढ़ाए जाते हैं।
लक्ष्य का पता नहीं,
फिर भी कदम बढ़ाए जाते हैं।
लगाते हैं समय,
बालों और पोशाकों को सजाने में,
कहते हैं इसके सिवाय,
क्या है जमाने में,
सिर पर टोपी, आँखों पर चश्मा,
रूमाल हाथ में रखते हैं,
लूजर पैंट और लूजर शर्ट,
जोकर जैसे लगते हैं,
मत चल फैशन पर,
इसमें तुमने क्या पाया है?
बस तुमने अपना
कीमती समय गँवाया है,
बीता हुआ समय वापिस नहीं आएगा,
अब पढ़ ले, वरना बाद में पछताएगा,
इसमें तुमने क्या पाया है
बस तुमने अपना समय गँवाया है,

जीवन

सुमित यादव
बी०ए०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1319

जीवन एक गणित है,
जिसमें मित्रों को जोड़ो (+)
दुश्मनों को घटाओ (-)
सुखों को गुणा करो (×)
दुःखों का विभाजन करो (÷)
रिश्तों के कोष्ठक खोलो ( )
कठिनाइयों को शून्य करो (0)

माँ

सुमित यादव
बी०ए०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1319

किसी ने पूछा - माँ क्या है और कौन है?
समन्दर ने कहा - माँ एक ऐसी हस्ती है, जो औलाद के लाखों राज सीने में छुपा लेती है।
शायर ने कहा - माँ एक ऐसी गज़ल है, जो हर सुनने वाले के दिल में उतरती चली जाती है।
बादल ने कहा - माँ एक घनक है, जिसमें हर रंग नुभाया है।
साज ने कहा - माँ एक ऐसा गीत है जो हर एक को मुत्तास्सिर करता है।
माली ने कहा - माँ गुलशन का वो दिलकश फूल है जिसमें खूबसूरती और बढ़ती है।
औलाद ने कहा - माँ ममता की अनमोल दास्तान है, जो हर दिल पर लिखी रहती है।
खुदा ने कहा - माँ मेरी तरफ से कीमती और नायाब तोहफा है।

किसी शायर ने खूब कहा है

''माँ याद अगर आए, भरना न कभी आहें,
तुम माँ की निशानी को सीने में छुपा लेना,
दर्द मिलते रहें जहां में कितने भी तुम्हें
उस माँ को कभी तुम दर्द न देना।''

सुखी जीवन जीने के टिप्स

सुमित यादव
बी०ए०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1319

1. मनुष्य को क्रोध नहीं करना चाहिए, क्योंकि- 'क्रोध एक अग्नि है, जो दूसरों से पहले स्वयं को जला देती है।'
2. मनुष्य में त्याग की भावना होनी चाहिए, क्योंकि- ''जो मनुष्य त्याग करना जानता है, वह सभी बंधनों से मुक्त होता है, अन्यथा वह मोह-जाल में फंसा होता है।
3. मनुष्य को ईश्वर में विश्वास रखना चाहिए, क्योंकि- ''विश्वास में विश्वास, अपने आप में विश्वास, ईश्वर में विश्वास, यही महानता का रहस्य है।''
4. मनुष्य को सदा दूसरों की सहायता करनी चाहिए, क्योंकि- ''जो मनुष्य संसार का जितना-जितना परोपकार करता है, वह उतना-उतना ईश्वर की व्यवस्था से सुखी होता है।
5. मनुष्य को इस संसार में सदा भले आदमी की भूमिका निभानी चाहिए और भले आदमी की यही पहचान है कि वह यह न जाने कि दूसरों को हानि कैसे पहुँचाई जाती है?
6. मनुष्य को किसी से ईर्ष्या नहीं करनी चाहिए, क्योंकि- ''आज का मनुष्य इतना अपने दु:ख से दु:खी नहीं है, जितना कि वह दूसरे मनुष्य को सुखी देखकर होता है।

इंसान बनाने का काढ़ा

रेनू दूहन
बी०ए०-तृतीय वर्ष
अनुक्रमांक-2212

- यदि आप अच्छे इंसान बनना चाहते हैं तो निम्नलिखित काढ़े का निर्माण करके स्वयं प्रयोग करें।

'घटक तत्व'

• सच्चाई के पत्ते	1 ग्राम
• ईमानदारी की जड़	3 ग्राम
• परोपकार के बीज	5 ग्राम
• रहम दिल का छिलका	4 ग्राम
• दानशीलता का छिलका	4 ग्राम
• स्वदेश प्रेम का रस	3 ग्राम
• उदारता का रस	4 ग्राम

निर्माण विधि- उपरोक्त बताई गई सब चीज़ों को एक साथ मिलाकर परमात्मा के बर्तन में डालकर स्नेहभाव के चूल्हे पर रखकर प्रेम की अग्नि में पकाएँ। अच्छी तरह पक जाने पर नीचे उतारकर ठण्डा करें। फिर शुद्ध मन के कपड़े से छानकर मस्तिष्क की शीशी में भर लें।

सेवन विधि- इसको प्रतिदिन संतोष के गुलकंद के साथ इंसाफ के चम्मच में सुबह शाम दिन में तीन बार सेवन करें।

परहेज:- क्रोध की मिर्च, अहंकार का तेल, लोभ की मिठाई, स्वार्थ का घी, धोखे का पापड़- इन सबसे सावधान रहना है व दुराचरण की भावना से बचना है।

नोट- इसका निर्माण प्रत्येक मनुष्य के द्वारा संभव है।

18 भाषाओं में नया साल मुबारक

रेनू दूहन
बी०ए०-तृतीय वर्ष
अनुक्रमांक-2212

1.	हिन्दी	-	नव वर्ष मंगलमय हो
2.	अंग्रेज़ी	-	हैप्पी न्यू ईयर
3.	उर्दू	-	नया साल मुबारक
4.	मराठी	-	नववर्ष सुखाचे जाओ
5.	तमिल	-	पुचुवर्ष वाझेम
6.	अरबी	-	मिलन आई दिन
7.	उड़िया	-	नूतन वर्ष सुखरे जोऊ
8.	गुजराती	-	नववर्ष सफल थाओ
9.	फ्रेंच	-	न्यू हेरो वाओ
10.	सिंधि	-	नया साल जी मुबारक
11.	संस्कृत	-	नूतन वर्ष सुखदो भव
12.	बंगला	-	सुखी नूतन वत्सर
13.	लेटिन	-	आउस अनुस तिवुस
14.	जर्मनी	-	ग्लूक सिंच न्यू जाहर
15.	रूसी	-	सलोविन गोदम
16.	नेपाली	-	न्हू ढावा भीतुना
17.	पंजाबी	-	नवें साल दी बधाइयाँ

जीवन के शाश्वत सत्य

अनिशा
बी०एससी० द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-2746

1. कौन-सी तलवार सबसे तेज़ है? - क्रुद्ध वचनों की
2. कौन-सा विष सबसे घातक है? - लोभ रूपी विष
3. कौन-सी रात सबसे अंधियारी है? - अज्ञान की रात
4. सबसे श्रेष्ठ शास्त्र क्या है? - विवेक
5. सबसे मूल्यवान खजाना क्या है? - सद्गुणों का
6. सबसे सुन्दर क्या है? - परोपकार
7. सबसे बड़ा आनन्द किसमें है? मोक्ष में
8. सबसे भयानक रोग क्या है? - घृणा
9. मित्रता कौन तोड़ता है? - स्वार्थ व ईर्ष्या
10. रक्षा करने वाली ढाल कौन सी है? - धीरज रूपी ढाल

हँसगुल्ले

जयन्ती
बी०ए०-तृतीय वर्ष
अनुक्रमांक-2142

1. लड़की बोली- मत कर मेरा पीछा एक दिन पछताएगा।
बाहर कॉलेज के तू छोले-भटूरे की दुकान लगाएगा।
लड़का- तू मत ठुकरा मेरे प्यार को, एक दिन पछताएगी।
उसी छोले-भटूरे की दुकान पर बर्तन मांजती नज़र आएगी।।
2. टीचर- तुम रोज विद्यालय आया करो,
यदि तुम्हारी उपस्थिति कम हुई,
तो तुम्हें परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा,
छात्र- कोई बात नहीं सर, मैं खड़े-खड़े ही परीक्षा दे लूँगा।।
3. शायर- हँसना उनकी आदत थी,
हम गलत अंदाज़ लगा बैठे,
वो हँसते-हँसते चले गए
हम दिल को रोग लगा बैठे।।

बेटी... बोझ नहीं है!!!

शिल्पा
बी०एससी० तृतीय वर्ष
अनुक्रमांक-2828

बेटी...
बोझ नहीं है!
शाम हो गई,
अभी तो घूमने चलो ना पापा।
चलते-चलते थक गई,
सीने से लगा लो ना पापा।
अन्धेरे से... डर लगता है,
सीने से लगा लो ना पापा।
मम्मा तो सो गई,
आप ही थपकी देकर सुलाओ ना पापा।
स्कूल तो पूरा हो गया,
अब कॉलेज जाने दो ना पापा।
पाल-पोसकर बड़ा किया,
अब जुदा तो मत करो ना पापा।
अब डोली में बिठा ही दिया,
अब आँसू तो मत बहाओ ना पापा।
आपकी मुस्कुराहट अच्छी है,
एक बार मुस्कुराओ ना पापा।
आपने मेरी हर बात मानी,
एक बात और मान जाओ ना पापा।
इस धरती पर बोझ नहीं हैं बेटियाँ,
दुनिया को समझाओ ना पापा
दुनिया को समझाओ ना पापा...

नयी सदी

सोनिया
बी०ए०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1262

नयी सदी से मिल रही,
दर्द भरी सौगात,
बेटा कहता बाप से
तेरी क्या औकात।

पानी आँखों का मरा,
मरी शर्म और लाज
कहे बहू अब सास से,
घर में मेरा राज।

भाई भी करता नहीं,
भाई पर विश्वास।
बहन पराई हो गई,
साली खासमखास।

मंदिर में पूजा करे
घर में करे क्लेश
बापू तो बोझ लगे
पत्थर लगे गणेश

बचे कहाँ अब शेष हैं।
दया, धर्म, ईमान
पत्थर के भगवान हैं,
पत्थर दिल इंसान।

पत्थर के भगवान को,
लगते छप्पन भोग।
मर जाते फुटपाथ पर,
भूखे, प्यासे लोग।

फैला है पाखंड का,
अन्धकार सब ओर,
पापी करे जागरण
मचा-मचा कर शोर।

पहन मुखौटा धर्म का,
करते दिन भर पाप।
भंडारे करते फिरें,
घर में भूखा बाप।

अभिलाषा

सोनिया
बी०ए०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1262

माँ ऐसे भाव भरो हम में,
मानव की सेवा कर पाएँ।

भूखे-प्यासों को रोटी दें,
अंधों को आँखें दान करें।
विकलांगों की शुभ सेवा में,
तन-मन-धन अपना दे पाएं।
माँ, ऐसे भाव भरो हम में,
मानव की सेवा कर पाएँ।।

हम हिंदू मुस्लिम, सिक्ख नहीं,
बस तेरी ही गोदी के लाल।
हम एक डाल के फूल बनें,
खुशबू से आँगन भर जाएँ।
माँ, ऐसे भाव भरो हम में,
मानव की सेवा कर पाएँ।।

गुरुजनों के चरणों में,
यह मस्तक हृदय झुका रहे।
उनकी सिखलाई विद्या का,
हर दिल में दीप जला जाएँ।
माँ, ऐसे भाव भरो हम में,
मानव की सेवा कर पाएँ।

हम वीर देश के वीर बाल,
बस यही एक है अभिलाषा।
तेरी रक्षा हित "भारत माँ"
हम प्राण न्योछावर कर जाएँ।
माँ, ऐसे भाव भरो हम में,
मानव की सेवा कर पाएँ।।

अनमोल रत्न (माता-पिता)

जयन्ती जागलान
बी०ए०-तृतीय वर्ष
अनुक्रमांक-2142
(ईंटल कलां)

माँ के दूध का कर्ज तुम
कभी चुका ना पाओगे,
तुझको नरक भोगना पड़ेगा,
माँ-बाप को अगर सताओगे।।

लकड़ी के इस गट्ठे को तुम,
उठा ना सकोगे,
फर्ज कितना भी निभाओगे,
ऋण माँ-बाप का चुका नहीं पाओगे।।

अनजान हैं वो लोग जो,
माँ-बाप को परेशान करते हैं,
माँ-बाप तो वो अनमोल रत्न हैं,
जिन्हें देवता भी प्रणाम करते हैं।।

काम करना अच्छा चाहे देर हो,
रास्ता चलना अच्छा चाहे फेर हो,
भोजन करना माँ-बाप का चाहे जहर हो,
सलाह लेना भाई से चाहे वैर हो।।

हर रिश्ता इतना अनोखा नहीं होता,
फना कर दो अपनी जिंदगी माँ-बाप के कदमों में,
क्योंकि यही वो प्यार है,
जिसमें धोखा नहीं होता।।

मम्मी-पापा हमारी गलतियों को भुलाते रहना,
उम्र भर ये रिश्ता निभाते रहना,
अगर हम चले गलत रास्ते पर,
तो आप ही सही रास्ते दिखाते रहना।।

माता-पिता को प्यार करे जो,
वो लोग निराले होते हैं,
जिन्हें इनका प्यार मिले,
वो लोग किस्मत वाले होते हैं।।

शायरी

जयन्ती जागलान
बी०ए०-तृतीय वर्ष
अनुक्रमांक-2142

आँसू ना होते तो आँख इतनी खूबसूरत ना होती
दर्द ना होता तो खुशियों की कीमत ना होती
पूरी करता रब यूँ ही सब मुरादें,
तो इबादत की कभी जरूरत ना होती।

तेरे गम में तड़प कर मर जाएँगे
मर गए तो तेरा नाम ले जाएँगे
रिश्वत दे के तुझे भी बुलाएँगे
तुम ऊपर आओगे तो साथ बैठ कर कुरकुरे खाएँगे।

कभी खुशी की आशा, कभी गम की निराशा
कभी खुशियों की धूप, कभी हकीकत की छाया
कुछ खोकर कुछ पाने की आशा, शायद यही है
जिंदगी की सही परिभाषा...

खुशियाँ मिलती नहीं माँगने से
मंजिल मिलती नहीं राह पर रुक जाने से
भरोसा रखना खुद पर और उस रब पर
सब कुछ देता है वो सही वक्त आने पर।

माँ तो जन्नत का फूल है
प्यार करना उसका उसूल है
दुनिया की मोहब्बत फिजूल है
माँ की हर दुआ कबूल है
माँ को नाराज़ करना इंसान तेरी भूल है
माँ के कदमों की मिट्टी जन्नत की धूल है।

स्मरणीय बातें

दिव्या दलाल
बी०एससी० द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-2773

1. हम तो दरिया हैं,
   हमें अपना हुनर मालूम है।
   हम जहाँ से जाएँगे,
   वो रास्ता बन जाएगा।।
2. फूल कभी दुबारा नहीं खिलते,
   जन्म कभी दुबारा नहीं मिलते,
   मिलते हैं लोग हज़ारों,
   पर हज़ारों गल्तियाँ माफ करने वाले
   माँ-बाप दुबारा नहीं मिलते।
3. एक छोटी-सी चींटी
   आपके पैर को काट सकती है;
   लेकिन आप उसके पैर को नहीं काट सकते।
   इसलिए जीवन में किसी को छोटा मत समझो...
   क्योंकि- वह जो कर सकता है,
   शायद आप न कर पाएँ।
4. जो हो गया,
   उसे सोचा नहीं करते।
   जो मिल गया,
   उसे खोया नहीं करते।
   हासिल उन्हें होती है सफलता,
   जो वक्त और हालात पर,
   रोया नहीं करते।।
5. बेटी को चाँद जैसी मत बनाओ,
   कि हर कोई घूर-घूर के देखे।
   बल्कि बेटी को सूरज की तरह बनाओ, ताकि
   घूरने से पहले सबकी नज़र झुक जाए।
6. जो माँ-बाप को स्वर्ग ले जाए,
   वो बेटा होता है।
   जो स्वर्ग को घर ले आए,
   वो बेटी होती है।
   और जो घर को ही स्वर्ग बना दे
   वो बहू होती है।

बापू तेरे देश में

प्रीति
बी०ए०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1194

सत्य बहुत बौना हुआ, झूम रहा है झूठ।
बापू तेरे देश में, चोरी, हत्या, लूट।।
छिपा रही मुख अहिंसा, गायब सच्चा प्यार।
बदला-बदला सा लगे, मानव का व्यवहार।।
उग्रवाद ने ढ़ँक लिया, इस वसुधा का रूप।
सद्भावों की छाँव गुम, अलगावों की धूप।।
खुदगर्जी के गूँजते, दिशा-दिशा में गीत।
नहीं बाँसुरी छेड़ती, मधुर-मधुर संगीत।।
तीन बंदर शांत हैं, मन से बड़े उदास।
बुरा बोलना, देखना, सुनना जग को रास।।
आज़ादी के वास्ते, त्यागे तुमने प्राण।
आज़ादी के अर्थ को, मारे हमने बाण।
खण्ड-खण्ड अब हो चली, मानवता की डोर।
मिटी उजालों की किरण, छाया तम घनघोर।।
नेताओं ने बेच दी, राजनीति की नीति।
नेताओं को रह गई, बस कुर्सी से प्रीति।।
आज तुम्हारी याद में भर-भर आए नैन।
बापू जब से तुम गए, मिल न सका है चैन।।
स्वप्न सभी रंगीन हों, सुख से हो निर्वाह।
भूले-भटके देश को, तुम्हीं दिखाओ राह।।

शायरी

अंजलि सिहाग
बी०एससी० द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-2704

1. एक लड़की रोज गली से गुजरा करती थी।
अपने चेहरे को नकाब में रखती थी।
एक लड़का उस पर मरता था।
वो उसे दिल से प्यार करता था।
एक दिन लड़की ने उस लड़के के पड़ोसी से पूछा,
कहाँ गया वो आशिक?
तो उसने बताया आपको आने में देर हो गयी।
उस दीवाने की कल रात मौत हो गयी।
पड़ोसी ने अपना फर्ज़ निभाया।
लड़की को कब्र तक ले आया।
लड़की कब्र पर रोने लगी।
आँसुओं से कब्र को धोने लगी।
कब्र से आवाज़ आई-
ए खुदा! कैसा इंकलाब आया है,
आज मैं परदे में हूँ,
और मेरा महबूब बेनकाब आया है।

2. दिन बीत जाते हैं कहानी बनकर,
यादें रहती हैं निशानी बनकर,
पर रिश्ते तो हमेशा रहते हैं
कभी होठों की मुस्कान, तो कभी आँखों का पानी बनकर।

3. वक्त और खुशी तेरे गुलाम होंगे,
हर पल और हर पहलू तेरे नाम होंगे,
जरा मुड़ कर देखना मेरे दोस्त!
तेरे हर कदम के नीचे मेरे हाथों के निशान होंगे।

4. कुछ लोग अपने प्यार को रूला देते हैं;
प्यार कितना भी अनमोल हो भुला देते हैं,
प्यार निभाना हो, तो गुलाबों से सीखो,
जो खुद टूटकर दो दिलों को मिला देते हैं।

5. भुला कर हमें क्या वो खुश रह पाएँगे,
सामने नहीं तो अकेले में आँसू बहाएँगे,
दुआ है खुदा से उन्हें दर्द ना देना,
हम तो सह गए, वो टूट जाएँगे।

6. अलविदा कहकर जब वो चल पड़े,
इन आँखों ने सारे हसीन ख्वाब खो दिए,
गम ये नहीं है वो मुझे छोड़ गए,
दर्द तो जब हुआ, तब अलविदा कहते-कहते
वो खुद रो पड़े।

गुदगुदी

निशा लाठर
बी०ए०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1120

1. एक बार एक मैडम ने एक छोरे क मार दिया,
आगले दिन डाकी अपनी माँ न लिया या
उसकी माँ उस मैडम तै बोली भाई रोई तनै
महारे छोरे क हाथ कुकर लाया
जितनी तेरी तनख्वाह है ना उतने के तो मैं
गोसे बेच दू सूँ।

2. जाटों की बहुओं को अंग्रेज़ी सिखाने मास्टरनी आई।
चूँकि
A फॉर Apple और
B फॉर Boy
समझाना आसान न था
तो मास्टरनी ने नया तरीका निकाला।
A फॉर अमरपाल की बहू
B फॉर बलवंत की बहू
O फॉर ओंकार चंद की बहू
Z फॉर जमींदार की बहू
अच्छी तरह रटवाया गया
और फिर हुआ टेस्ट,
प्रश्न था Q फॉर?
ताई कंफ्यूज़ हो गई,
बोली- दिखै तो ओंकार चंद की बहू है,
पर मुँह मैं बीड़ी क्यूं डाल रखी है?

अनमोल वचन

बाली
बी०ए० - द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक - 1167

इस तरह न कमाओ कि पाप हो जाए।
इस तरह न खर्च करो कि कर्जा हो जाए।
इस तरह न खाओ कि मर्ज हो जाए।
इस तरह न बोलो कि क्लेश हो जाए।
इस तरह न चलो कि देर हो जाए।
इस तरह न सोचो कि चिंता हो जाए।

धन से

धन से पुस्तक मिलती है, किन्तु ज्ञान नहीं
धन से आभूषण मिलता है, किन्तु रूप नहीं
धन से सुख मिलता है, किन्तु आनन्द नहीं
धन से साथी मिलते हैं, किन्तु सच्चे मित्र नहीं।
धन से भोजन मिलता है, किन्तु भूख नहीं।
धन से दवा मिलती है, किन्तु स्वास्थ्य नहीं।
धन से एकान्त मिलता है, किन्तु शान्ति नहीं।
धन से बिस्तर मिलते हैं, किन्तु नींद नहीं।
''सत्य से कमाया धन'' हर प्रकार से सुख देता है।
छल-कपट से कमाया धन दुःख ही दुःख देता है।

महंगाई

कविता चहल
बी०ए० - द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक - 1270

जनता का लावा भरकर फूट रहा,
आज देश का हर नागरिक टूट रहा,
महंगाई की पड़ रही सब पर ऐसी मार,
कर दी है जिसने सबकी गृहस्थी बीमार,
सरकार ने कर दिया इतना महंगा राशन-पानी
याद आ गई सबको अपनी नानी
महंगाई घटती हो, चाहे हो बढ़ती,
सिर्फ मध्यवर्ग पर ही उसकी मार है पड़ती,
गरीब-अमीर को कोई फर्क न पड़ता,
उनकी गाड़ी का पहिया वैसे ही चलता,
रसोई गैस, पेट्रोल की कीमत इतनी है बढ़ गई,
जनता इनके इस्तेमाल को लेकर
आज सोच में है पड़ गई,
शिक्षा को देखो आज कर दिया महंगा,
कहीं देश का आने वाला भविष्य हो जाए ना बेढंगा,
नहीं सरकार का महंगाई की ओर कोई भी ध्यान,
चुनाव जीत कर गा रही देखो व्यर्थ का महागान,
महंगाई से बढ़ती कीमत ने कर दिया सबको लाचार,
आओ, हम सब मिलकर करें इस पर विचार।

चुटकुले

प्रमिला आर्य
बी०एससी० द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-2705

1. लड़का लड़की से पूछता है ''तुम कितने बजे उठती हो''? लड़की बोली- ''अपना कोई टाइम नहीं, जब दिल करता है सो जाती हूँ।'' लड़का बोला- ''तू बिल्कुल मेरे कुत्ते पर गई है।
2. मालकिन अपनी नौकरानी से कहती है, ''मुझे लगता है कि तेरे मालिक का ऑफिस में किसी लड़की के साथ चक्कर है।'' नौकरानी- नहीं मालकिन! ऐसा मत कहो, मालिक मुझे धोखा नहीं दे सकते।

भविष्य

पिंकी
बी०ए०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1259

आप लोगों के बीच से
थोड़ा-सा कुछ खींच के
एक भविष्य की झाँकी निकाली है
यह एक नई परम्परा है जो कुछ सालों में आने वाली है
आओ ले चलूं भविष्य की एक शादी में
दिखाऊँ नर का बुरा हाल उस शादी में
घोड़े को लाओ
लड़की को बिठाओ
अरे कहाँ गयी लड़की
माँ बोली, सहेलियों के चक्कर में होगी अटकी
कहाँ गयी माँ के सम्मान की पगड़ी
माँ ही तो सबसे आगे चलेगी, क्योंकि वही तो है तगड़ी।
सारे नर घोड़ो के पीछे
सरककर हैं चल रहे दुपट्टे को खींचे
बैंड पर है नानी, चाची, ताई, बुआ सब नाच रही
लग रहा है लड़की की माँ को भी है चढ़ गई
लड़की का भाई अभी कुँवारा है
बेचारा अभी तक बेसहारा है
शर्म के कारण मुँह पर पल्ला ढँक रहा
कहीं कोई बदमाश लड़की ना आकर के छेड़ दे,
इसलिए है डर रहा।
इधर लड़के का बुरा फसाना है
उसे ब्यूटी पार्लर जाना है
माँ की आज्ञा से उसने पत्नी को परमेश्वर माना है।
सासू की सरताजगी ससुराल ही उसका ठिकाना है।
दरवाजे पर लड़की बारात लेकर आ चढ़ी
दूल्हे की धड़कन देखो है बढ़ चली
लड़के के बाप, चाचा,
ताऊ ने बारातियों का स्वागत किया
दोनों तरफ की माओं ने एक-दूसरे से अवगत किया
फिर चालू हो गयी शादी

लड़के की माँ ने भी पहन रखी थी खादी
मण्डप के चारों तरफ बैठी थी बारात आधी
पंडिताइन ने मंत्रों से इस तरह कराई संपन्न शादी।
लड़की बैठी है, लड़के को बुलाइए।
माँ तो बैठी है, बाप को छोटा-मोटा काम है उसे भी बुलाइए।
लड़के के लहंगे को बचाके
लड़की के माथे पर सेहरा सजा के
हाथ पीले कीजिए लड़के के
लड़के के पल्लू को बाँधिए लड़की के पटके से
अब फेरे लीजिए सात
लड़की पकड़ ले लड़के का हाथ
अब कसम खाइए कि साक्षी मानकर अग्नि को
परमेश्वर मानकर पत्नी को
पत्नी के घर को जाऊँगा
घर अपना वहीं बसाऊँगा
पत्नी की हामी में हामी मिलाऊँगा
अब हुई लड़के की विदाई
घर में बज रही थी शहनाई
लड़के का बाप रोते हुए अन्दर आया
घर को उसने सूना पाया
अब तो यही बात कहूँगा भाई
कि लड़का तो पराया धन है
लड़कियों मत करो इससे लड़ाई।
इसे तो दूजे घर जाना है
फिर नहीं आना
दुःख भरा भविष्य के लड़के का अफसाना।

माँ-बेटी

मोनिका

बी०एससी० प्रथम वर्ष

अनुक्रमांक-2619

माँ को सिसकता छोड़कर, जब आया मेरा भाई,
मैं एक बेटी हूँ, अपनी माँ को साथ ले आई।
वो बूढ़ी हो गई, तो उसे बोझ लगती है,
जवानी जिसने अपने बच्चों के लिए झुलसाई।
बस अपनी ही बीवी और बच्चों से उसे मतलब,
भूल बैठा उसे जो दुनिया में उसे लाई।
बड़ी गाड़ी, बड़ा बंगला, सब कुछ है,
लेकिन जब माँ माँगे, तो नहीं जेब में एक पाई
वो कुत्ता पाल सकता है, माँ उसे बोझ लगती है
उसे कुत्ते ने क्या थोड़ी-सी भी वफादारी ना सिखलाई।
जो बीज जैसा बोता है, वैसा ही काटता है।
बुढ़ापा तुझ पर भी आएगा, क्यूं बूझ रहा है सच्चाई।
तेरा बेटा जो देखेगा, वही तो सीखेगा
तू खोद न अपने लिए खाई,
अगर जिन्दा रही, तो तुझसे पूछेगी तेरी माई।
अब बता ये दौलत किसके लिए कमाई,
खुदा के बैंक में जब खुलेगा तेरा खाता,
तुझ पर बहुत कर्जा चढ़ा होगा मेरे भाई।
जो मन्नत माँगते थे, ''बेटा हो-बेटा हो'',
उन्हें अब बेटी की कीमत समझ में आई।

माँ को समर्पित एक कविता

प्रियंका जैन

बी०ए०-द्वितीय वर्ष

अनुक्रमांक-1124

लेती नहीं दवाई मम्मी, जोड़े पाई-पाई मम्मी।
दुःख थे पर्वत, राई मम्मी; हारी नहीं लड़ाई मम्मी।
इस दुनिया में सब मैले हैं,
किस दुनिया से आई मम्मी।
दुनिया के सब रिश्ते ठंडे, गरमागर्म रजाई मम्मी।
जब भी कोई रिश्ता उधड़े, करती है तुरपाई मम्मी।
बाबू जी तनख्वाह लाए, लेकिन बरकत लाई मम्मी।
बाबू जी सख्त मगर, माखन और मलाई मम्मी।
बाबूजी के पाँव दबाकर, सब तीरथ हो आई मम्मी।
नाम सभी हैं गुड़ से मीठे, माँ जी, मैया, माई, मम्मी।
सभी साड़ियाँ छीज गई थीं,
मगर नहीं कह पाई मम्मी।
मम्मी से थोड़ी-थोड़ी सबने रोज चुराई मम्मी।
घर में चूल्हे मत बाँटो रे, देती रही दुहाई मम्मी।
रोती है लेकिन छुप-छुप कर,
बड़े सब्र की जाई मम्मी।
लड़ते-लड़ते, सहते-सहते,
रह गई एक तिहाई मम्मी।
बेटी की ससुराल रहे खुश, सब जेवर दे आई मम्मी।
मम्मी से घर, घर लगता है घर में घुली, समाई मम्मी।
बेटे की कुर्सी है ऊँची, पर उसकी ऊँचाई मम्मी।
दर्द बड़ा हो या छोटा हो, याद हमेशा आई मम्मी।
घर के शगुन सभी मम्मी से,
है घर की शहनाई मम्मी।

गजल – आँसुओं की दुकान

प्रमिला आर्य
बी॰एससी॰ द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक–2705

दर्द का खानदान है दुनिया
आँसुओं की दुकान है दुनिया
आचरण सबका कैंचियों जैसा
और कपड़े का थान है दुनिया
आंधियों, तुम जरा अदब से चलो
छतरियों का मकान है दुनिया
जिंदगी के उजाड़ सहरां में
दर्द की दास्तान है दुनिया
आप जज़्बात ढूंढ़िए बेशक!
आँकड़ों की जबान है दुनिया
टूट जाने का डर सताता है,
कांच का मर्तबान है दुनिया
एक जोगी ने कल कहा यारो!
कागजी आनबान है दुनिया
मैं तो इसको मकान समझा था
हकीकत में मचान है दुनिया

प्राणवान पंक्तियाँ

अंजलि सिहाग
बी॰एससी॰ द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक–2705

जहाजों से जो टकराए, उसे तूफान कहते हैं।
तूफानों से जो टकराये, उसे इंसान कहते हैं।। 1।।
हमें रोक सके, ये ज़माने में दम नहीं।
हमसे है ज़माना, ज़माने से हम नहीं।। 2।।
जिंदगी के बोझ को हँसकर उठाना चाहिए।
राह की दुश्वारियों पे, मुस्कुराना चाहिए।। 3।।
बाधाएँ कब रोक सकी हैं, आगे बढ़ने वालों को।
विपदाएँ कब रोक सकी हैं, पथ पे बढ़ने वालों को।। 4।।
मैं छुई मुई का पौधा नहीं, जो छूने से मुरझा जाऊँ।
मैं वो माई का लाल नहीं, जो हौवा से डर जाऊँ।। 5।।
जो बीत गई सो बीत गई, तकदीर का शिकवा कौन करे।
जो तीर कमान से निकल गया,
उस तीर का पीछा कौन करे।। 6।।
अपने दु:ख में रोने वाले, मुस्कुराना सीख ले।
दूसरों के दु:ख-दर्द में, आँसू बहाना सीख ले।। 7।।
जो खिलाने में मजा, वो आप खाने में नहीं।
जिंदगी में तू किसी के काम आना सीख ले।। 8।।
खून पसीना बहाता जा, तान के चादर सोता जा।
यह नाव तो हिलती जाएगी,
तू हँसता जा या रोता जा।। 9।।

इंसानियत का रूप

प्रमिला आर्य
बी॰एससी॰ द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक 2705

धरती पर तो चलना नहीं आया, पर चांद की बाते करता है,
शैतानों जैसे काम है, पर इन्सानों की बातें करता है,
मंदिर मस्जिद में तो जाता है, पर मन-मंदिर में जहर भरा,
नस-नस में बेईमानी है, भगवान की बातें करता है,
भूखे के लिए तो गाली है, पर भरे हुए के लिए भंडारे।
बस्ती को तो उजाड़ रहा है, पर कल्याण की बातें करता है।
एक हाथ में दौलत लुटा रहा है, एक हाथ में धोखों के खंजर हैं,
चूसे हैं खून गरीबों का, ईमान की बातें करता है।
हैरत है तो इस बात की कुछ है कहता, कुछ है करता।

सुख

राजबाला शर्मा
बी०ए०-तृतीय वर्ष
अनुक्रमांक-2।4।

ऐ सुख! तू कहाँ मिलता है?
क्या तेरा कोई स्थायी पता है?
क्यों बन बैठा है अनजाना?
आखिर क्या है तेरा ठिकाना?
कहाँ कहाँ ढूंढा तुझको
पर तू न कहीं मिला मुझको
ढूंढा ऊँचे मकानों में,
बड़ी-बड़ी दुकानों में,
स्वादिष्ट पकवानों में,
चोटी के धनवानों में।
वो भी तुझको ढूंढ रहे थे,
बल्कि मुझको ही पूछ रहे थे।
क्या आपको कुछ पता है
ये सुख आखिर कहाँ रहता है?
मेरे पास तो दुःख का पता था,
जो सुबह-शाम अक्सर मिलता था।
परेशान होकर रपट लिखवाई,
पर ये कोशिश भी काम न आई।
उम्र अब ढलान पे है।
हौंसले अब थकान पे हैं।
हाँ! उसकी तस्वीर है मेरे पास
अब भी बची हुई है आस
मैं भी हार नहीं मानूँगी
सुख के रहस्य को जानूंगी।
बचपन में मिला करता था।
मेरे साथ रहा करता था।
पर जब से मैं बड़ी हो गई,
मेरा सुख मुझसे जुदा हो गया।

मैं फिर भी नहीं हुई हताश
जारी रखी उसकी तलाश
एक दिन जब आवाज ये आई,
क्या मुझको ढूंढ रही है?
मैं तेरे अंदर छुपा हुआ हूँ।
तेरे ही घर में बसा हुआ हूँ।
मेरा कुछ भी नहीं है मोल,
सिक्कों में मुझको न तोल।
मैं बच्चों की मुस्कानों में हूँ।
हारमोनियम की तानों में हूँ।
पति के साथ चाय पीने में,
परिवार के संग जीने में
माँ-बाप के आशीर्वाद में,
रसोई-घर के महाप्रसाद में।
बच्चों की सफलता में हूँ
माँ की निश्छल ममता में हूँ।
हर पल तेरे संग रहता हूँ
और अक्सर तुझको कहता हूँ
मैं तो हूँ एक अहसास
बंद कर दे मेरी तलाश
जो मिला उसी में कर संतोष।
आज को जी ले कल की न कर सोच।
कल के लिए आज को न खोना।
मेरे लिए कभी दुखी न होना।
मेरे लिए कभी दुखी न होना।

शायरी

प्रमिला आर्य
बी०एससी० द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-2705

हर सागर के दो किनारे होते हैं
कुछ लोग जान से भी प्यारे होते हैं
यह जरुरी नहीं हर कोई पास हो,
क्योंकि जिन्दगी में यादों के भी सहारे होते हैं।

गजल की जरुरत महफिल में होती है,
प्यार की जरुरत दिल में होती है,
दोस्तों के बिना अधूरी है जिन्दगी
क्योंकि दोस्तों की जरुरत हर पल में होती है।

आज हम हैं, कल हमारी यादें होंगी,
जब हम ना होंगे तब हमारी बातें होंगी
कभी पलटोगे जिन्दगी के ये पन्ने,
तब शायद आपकी आँखों से भी बरसातें होंगी।

किसी का दिल पे काबू हो,
यह मुमकिन हो नहीं सकता,
किसी से कब मुहब्बत हो,
कोई यह कह नहीं सकता।

तेरे न होने से जिंदगी में बस इतनी सी कमी रहती है,
मैं चाहे लाख मुस्कुराऊँ इन आंखों में नमी सी रहती है।

दोस्ती के बाद मोहब्बत हो सकती है,
मगर मोहब्बत के बाद दोस्ती नहीं हो सकती।
क्योंकि दोस्ती दवा मौत के पहले असर करती है
मौत के बाद नहीं।

तुम से दूरी का अहसास जब सताने लगा,
तेरे साथ गुजरा हर लम्हा याद आने लगा,
जब भी कोशिश की तुम्हें भुलाने की,
तुम और भी इस दिल के करीब आने लगे।

पल-पल से बनता है एहसास,
एहसास से बनता है, विश्वास,
विश्वास से बनते हैं, रिश्ते,
और रिश्तों से बनता है कोई खास।

कम नहीं होती...

ज्योति रेढू
बी०ए०-प्रथम वर्ष
अनुक्रमांक-230

करो सोने के सौ टुकड़े,
लेकिन कीमत कम नहीं होती।
बुजुर्गों की दुआ लेने से
इज्जत कभी कम नहीं होती।
जरुरतमंद को कभी
दहलीज़ से खाली ना लौटाओ।
राम के नाम देने से
दौलत कभी कम नहीं होती।
पकाई जाती है जो रोटी
मेहनत की कमाई से।
हो जाए गर बासी
तो लज्जत कम नहीं होती।
याद करते हैं जिन्हें हम
अपनी हर मुसीबत में।
गुरु के सामने झुकने से
इज्जत कम नहीं होती।।



ईश्वर की माया

दिव्या दलाल
बी०एससी० द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-2773

वाह खुदा! तेरी अजीब माया है,
कहीं धूप, तो कहीं छाया है।
धन-दौलत का ढेर देखकर,
लाशों से अब खेल-खेलकर,
लोगों में सरूर छाया है।
वाह खुदा! तेरी अजीब माया है,
कहीं धूप तो कहीं छाया है।

चारों तरफ फैली है मारामारी,
इस जहाँ से लुप्त हो गई ईमानदारी,
किसी के मन में नहीं है संतुष्टि,
हर कोई बना है भिखारी,
हर जगह भ्रष्टाचार फैलाएँगे,
लोगों ने बीड़ा उठाया है।
वाह खुदा! तेरी अजीब माया है,
कहीं धूप तो कहीं छाया है।
भाई ही आज भाई को मारे
माता-पिता की ना कोई आरती उतारे।
माता-पिता ने कष्ट उठाए,
हमको इस दुनिया में लाए,
उनको भी खून के आँसू रूलाया है।
वाह खुदा! तेरी अजीब माया है।
कहीं धूप तो कहीं छाया है।।

गुरू ने हमें रास्ता दिखाया
पढ़ा-लिखाकर काबिल बनाया
उस गुरू का भी करते हैं अपमान,
उसका सारा उपकार आज भुलाया है।
वाह खुदा! तेरी अजीब माया है।
कहीं धूप तो कहीं छाया है।।

बेटियाँ

गायत्री
बी०ए०-तृतीय वर्ष
अनुक्रमांक-2146

वात्सल्य की मूरत हैं बेटियाँ,
जिंदगी की जरुरत हैं बेटियाँ।
खुशियों का खजाना हैं,
देवी की सूरत बेटियाँ।
ना हंसी ना मुस्कान होगी, रहेंगी ना जहाँ बेटियाँ।
घर के कोने-कोने से
आती सुगबुगाहट,
बजती हैं जैसे मंदिर में घंटियाँ।

सत्य, अहिंसा और त्याग,
हैं बलिदान का रूप बेटियाँ।
याद बहुत आती हैं जब बिछुड़ जाती हैं बेटियाँ।
तुलसी का बिरवा
आम, इमली, अमरूद-
चांदनी, परिजात-सी
होती हैं बेटियाँ।

दर्द छलका नहीं
कभी पलकों के किनारों से
कितनी सहनशील, खामोश-होती हैं बेटियाँ।
शरद की मखमली धूप,
खुशियों का खजाना,
होती हैं बेटियाँ।

छुप-छुप बैठे अकेले,
रोती हैं क्यों आज बेटियाँ।
तन्हाइयों में घिरी, दे रही क्यों आवाज बेटियाँ।
झूले उपवन की भाषा,
भूल गई हैं आज बेटियाँ।
अंधेरे के गहन छोर पर,
जलाती हैं चिराग बेटियाँ।

रिश्तों को आवाज दे रहीं,
होकर मजबूर आज बेटियाँ।
आशियाना हो स्वर्ग समान,
करें जिसका आगाज बेटियाँ।

शायरी

1. हर रिश्ता मिलता है विरासत में,
पर दोस्ती अलग से क्यों बनाई है?
क्योंकि बाकी रिश्ते बनाए थे खुदा ने
और दोस्ती खुद 'खुदा' की परछाई है।
2. लिखो तो पैगाम कुछ ऐसा लिखो कि
कलम भी रोने पर मजबूर हो जाए।
हर नज़्म में वो दर्द भर दो कि
पढ़ने वाला भी आँसू पीने पर मजबूर हो जाए।
3. दोस्ती वो नहीं जो जान देती है,
दोस्ती वो नहीं जो मुस्कान देती है,
असली दोस्ती वो दोस्ती है जो,
पानी में गिरा आंसू पहचान लेती है।
4. सवाल पानी का नहीं, प्यास का होता है।
सवाल मौत का नहीं, साँस का होता है
दोस्त तो दुनिया में बहुत मिलते हैं
सवाल दोस्ती का नहीं, विश्वास का होता है।
5. फूल बनकर मुस्कुराना जिंदगी है
मुस्कुराकर गम भुलाना जिंदगी है
जीत के हम खुश हुए, तो क्या खुश हुए
हार कर खुशी मनाना जिंदगी है।
6. जिंदगी में किसी से प्यार नहीं करना,
अगर हो जाए तो इन्कार नहीं करना,
हो सके तो कदम उठाना,
वरना किसी की जिंदगी बर्बाद मत करना।
7. वक्त हर नूर को बेनूर कर देता है,
छोटे-से जख्म को नासूर कर देता है,
कौन चाहता है तुम जैसे दोस्त से बिछुड़ना,
पर वक्त सबको मजबूर कर देता है।
8. हर बात कहकर किसी को समझाई नहीं जाती,
हर चीज जिंदगी में पाई नहीं जाती।
यूं तो हर वक्त याद करते हैं आपको,
पर अफसोस यादें किसी को दिखाई नहीं जाती।
9. बिना दर्द के आँसू बहाए नहीं जाते,
बिना प्यार के रिश्ते निभाए नहीं जाते।
जिन्दगी में एक बात याद रखना,
किसी को रूलाकर अपने सपने सजाए नहीं जाते।
10. दिल में तुम्हारे अपना ही नाम छोड़ जाएँगे।
आँखों में एक इंतजार छोड़ जाएंगे।
याद रखना ढूँढते रहोगे हमें,
प्यार की ऐसी हम कहानी छोड़ जाएंगे।

साथी

सुमन रेढ़ू
बी०ए०-तृतीय वर्ष
अनुक्रमांक-2187

सबसे बड़ा साथी गुलाब है,
हाथ में थमाओ तो यार,
और बालों में लगाओ तो प्यार है।
शीश पर रखो तो ज्ञान
और चरणों पर रखो तो ध्यान है।
कद्र करो इसकी यह सन्त है,
जब गिरे शरीर पर,
तो समझो हमारा अन्त है।

कीमत

सुमन रेढ़ू
बी०ए०-तृतीय वर्ष
अनुक्रमांक 2187

कीमत पानी की नहीं,
प्यास की होती है।
कीमत मौत की नहीं,
साँस की होती है।
प्यार तो बहुत करते हैं दुनिया में,
कीमत प्यार की नहीं
विश्वास की होती है।

शायरी

किरण खटकड
बी०एससी० द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-2776

❖ कुछ फर्क होता है खुदा और पीर में,
कुछ फर्क होता है आकाश और तस्वीर में,
अगर कुछ चाहो और न मिले,
तो समझ लेना कि कुछ और अच्छा लिखा है
आपकी तकदीर में।

❖ जो हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं
वो सफलता का आभास मात्र कर सकते हैं।
सफलता प्राप्त करने के लिए हाथ-पांव चलाना जरूरी है।

❖ रोने से तकदीर बदलती नहीं है,
वक्त से पहले रात कटती नहीं है।
दूसरों की कामयाबी लगती आसान
मगर, कामयाबी रास्ते में पड़ी मिलती नहीं है।

❖ दुनिया की तमाम मासूमियत अपने अन्दर समेट लेती हैं आँखें,
जब रोती हैं तो दिलों को हिला देती हैं आँखें,
और जब बन्द हो जाती हैं आँखें,
तो दुनिया को रूला देती हैं।

❖ ईमानदारी और बुद्धिमानी के साथ किया गया काम कभी व्यर्थ नहीं जाता।

❖ जीवन के सफर में, यदि चाहिए रस
तो असत्य को छोड़, सत्य अपनाओ।
खोना चाहते हो यदि कुछ तुम,
तो लोभ, क्रोध को खोओ।

❖ जब तक न हो सफल, नींद चैन को त्यागो तुम।
संघर्षों का मैदान छोड़कर, कभी मत भागो तुम।
कुछ किए बिना दोस्तो जय-जयकार नहीं होती।
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

❖ आत्मविश्वास बढ़ाने का ढंग यह है कि तुम वही कार्य करो,
जिसको तुम करते हुए डरते हो।
इस प्रकार ज्यों-ज्यों सफलता प्राप्त होती जाएगी,
तुम्हारा आत्मविश्वास बढ़ता जाएगा।

❖ सीढ़ियाँ उनके लिए हैं, जिन्हें छत तक जाना है।
जिनको छूना है आसमान, उन्हें रास्ता खुद बनाना है।।

❖ सपने उन्हीं के पूरे होते हैं, जिनके सपनों में जान होती है।
पंखों से कुछ नहीं होता, हौंसलों से उड़ान होती है।।

❖ ये नहीं हो सकता कि बरसात हो और जमीन गीली न हो,
धूप हो और सरसों पीली न हो,
कॉलेज याद आए और आँखें गीली न हों।

❖ वक्त के साथ हर चीज़ बदल जाती है,
हर याद पर धूल पड़ जाती है।
लेकिन कॉलेज की याद दिल के उस कोने में रखी है,
जहाँ साँस भी पूछकर जाती है।

❖ जिन्दगी जब भी रूलाने लगे,
आप इतना मुस्कुराओ कि दर्द भी शर्माने लगे,
निकले ना आँसू हमारे कभी और
किस्मत भी मजबूर होकर हँसाने लगे।

❖ रोते हुए को मनाना जिन्दगी है।
दूसरों को हँसाना जिन्दगी है।
कोई जीत कर खुश हुआ तो क्या हुआ,
सब कुछ हार कर मुस्कुराना भी जिन्दगी है।

गाँव और शहर



बड़ा भोला बड़ा सादा बड़ा सच्चा है,
तेरे शहर से तो मेरा गाँव अच्छा है।
वहाँ मैं मेरे पिता के नाम से जानी जाती हूँ,
और यहाँ मकान नंबर से पहचानी जाती हूँ।
वहाँ फटे कपड़ों में भी तन को ढँका जाता है,
यहाँ खुले बदन पर टैटू छापा जाता हैं।
यहाँ कोठी हैं, बंगले हैं और कार हैं,
वहाँ परिवार और संस्कार हैं।
यहाँ चीखों की आवाज़ें दीवार से टकराती हैं,
वहाँ दूसरों की सिसकियां भी सुन ली जाती हैं,
यहाँ शोर-शराबे में भी कहीं खो जाती हूँ,
वहाँ टूटी खटिया पर भी आराम से सो जाती हूँ।
मत समझो कम हमें कि हम गांव से आए हैं,
तेरे शहर के बाजार मेरे गांव ने ही सजाए हैं।
वहां इज्जत में सर सूरज की तरह ढलते हैं,
चल आज हम उसी गांव में चलते हैं।



महंगाई

मोनिका महरोलिया
बी॰एससी॰ द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-2774

एक दिन कॉलेज से घर जा रही थी,
देश की खुशहाली के गीत गा रही थी।
रास्ते में मुझे मिल गई महंगाई,
मैंने पूछा क्या हाल है ताई?
महंगाई ने अपना सारा हाल सुनाया।
भारत में अपना ही बोलबाला बताया।
मैंने कहा, बहुत दिन हो गए भारत में अब तो चली जाओ,
वह बोली, इस देश से तो जन्म-जन्म का नाता हैं,
भला इस तरह कौन अपने घर को छोड़कर जाता है।
फिर अगर मैं ना हुई तो नेतागण किससे हाथ मिलाएँगे।
बेचारे तो चुनाव लड़ना ही भूल जाएँगे।
बदनामी का टीका माथे पर ना लगाऊंगी,
डोली में बैठ कर आई थी,
कंधों पर सवार होकर जाऊँगी।
मैंने भी ना अपना सिर झुकाया
वहीं पर अपनी फ्रैंडस को बुलाया
सबको सारी बात बताई,
सबने हाँ में हाँ मिलाई।
महँगाई को यही बताया हमने,
तुमको भारत से भगाने का बीड़ा उठाया हमने।
जब तक तुमको भारत से ना भगाएँगे,
हम सब सुख से ना रह पाएँगे।
महँगाई ने भी अपना सिर झुकाया
फिर अपना ऐलान फरमाया
अगर तुम रखोगी ऐसे ही संगठन
फिर मेरा कैसे होगा अभिनंदन
इसलिए मैं तो अब जा रही हूँ
खुशहाल रखना अपने देश को, यही बता रही हूँ।

सच्ची बात

पिंकी
बी०ए०-द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक-1259

ये कपोल नहीं, सच्ची बात है
पूनम के होते हुए भी अंधियारी रात है।
इंसान नहीं किसी के साथ है, यही तो सच्ची बात है।

आइने के सामने
देखा आमने-सामने इक दूसरे को
पूछा उस बदसूरत से
''जैसे पहली बार मिले हों,
या अरसे बाद कोई अपने दिखे हों,
या मुश्किल होता है जैसे शतक
पहले जो शब्द अपने लिखे हों,
या याद उन किताबों को करना जो
बचपन में गुरु से सीखे हों,''

कि तुम कौन हो?
क्यूँ मौन हो?
ज़रा मुझको बताओ
इस भद्दे चेहरे को सामने से हटाओ।

फिर वो हटा,
मैं रहा खड़ा।
और वहाँ दिखने लगे पाँच।
जैसे मेरे शरीर में चुभता हो काँच।
बोला नंबर एक, मैं हूँ काम,
कर देता हूँ आदमी को बदनाम।

बोला नंबर दो, मैं हूँ क्रोध,
मैं भी तब जगता हूँ जब जगाते हो प्रतिशोध।

नंबर तीन पर था मोह
इसके चक्कर में आए, तो जाओगे खो।

चार वाला बोला, लोभ है मेरा नाम
दूसरों की धन-दौलत पर रखवाना नज़र है मेरा काम

पांच पर बैठा बोला, अहंकार नाम है मेरा,
हे मनुष्य! मैं ही हूं जो नाश कराए तेरा।

और उस दर्पण ने
आँसू अर्पण से
दिखायी मुझे मेरी सच्ची गात है
इंसान की यही पहचान है
इंसान नहीं किसी का
यही तो सच्ची बात है।

आखिर क्यों?

मोनिका यादव
बी०ए०-तृतीय वर्ष
अनुक्रमांक-2200

क्यों याद आते हैं, लोग चले जाने के बाद?
क्यों रूलाते हैं, लोग हँसाने के बाद?
क्यों पोछे जाते हैं आँसू, बहाने के बाद?
क्यों नज़र झुकाते हैं, नज़र मिलाने के बाद?
क्यों काटे जाते हैं, सिर झुकाने के बाद?
क्यों चढ़ाते हैं फूल अस्थियाँ जलाने के बाद?
क्यों चमकता है सोना तपाने के बाद?
क्यों होता है प्यार, नज़र मिलाने के बाद?
क्यों दिल तोड़ देते हैं लोग, प्यार पा जाने के बाद?
क्यों ठुकरा देते हैं लोग अपनाने के बाद?
